Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 213 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, मंगलवार 11 फरवरी 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जहां घमण्ड है वहां धर्म नहीं जहां कषाय है वहां धर्म नहीं।
Where there are pride and passion, there is no religion.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज


खिलाबो कमल फूल

भाजपा म हे मोर विश्वास
हर नगर म होही विकास

PUBLISHED BY BHARTIYA JANTA PARTY, CHHATTISGARH

भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

कमल का बटन दबाएं
भाजपा को विजयी बनाएं


# प्रदेश के 10 नगरीय निकायों में आज मतदान

## मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक 15 फरवरी को मतगणना और परिणाम भी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश के सभी 10 नगरीय निकायों में महापौर और पर्षाद पद के प्रत्याशियों के लिए कल मंगलवार को मतदान होगा। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। मतदान कराने के लिए मतदान दलों को आज रवाना कर दिया गया। इन नगरीय निकायों के लिए 15 फरवरी को मतगणना होगी और उसी दिन परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

प्रदेश के नगरीय निकाय चुनाव में इस बार महिला मतदाताओं की निर्णायक भूमिका रहेगी। 14 नगर निगमों में से 10 में चुनाव होने हैं, इसमें से 8 में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा है। नगरीय निकायों में 44,74,269 शहरी मतदाताओं में से 22,00,525 पुरुष, 22,73,232 महिला और 512 अन्य मतदाता हैं। वर्ष 2004 में हुए पहले नगरीय निकाय चुनाव में कुल 28 लाख 34 हजार 547 मतदाता थे। 2019 के निकाय चुनावों की तुलना में



इस बार पांच लाख अधिक मतदाता सूची में जोड़े गए हैं। पिछले चुनाव में पुरुष मतदाताओं की संख्या महिलाओं से अधिक थी, लेकिन इस बार यह स्थिति उलट गई है। रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है।

कोरबा और चिरमिरी नगरपालिक निगम में पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या कम है। चुनावी विश्लेषकों का मानना है कि महिला मतदाताओं की बढ़ती संख्या राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित कर सकती है। इस बार के निकाय चुनावों में महिलाओं की भागीदारी एक निर्णायक भूमिका निभा सकती है।

### मतदान करने आज अवकाश

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए सार्वजनिक अवकाश रहेगा। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से इस संबंध में पहले ही आदेश जारी किया जा चुका है।

### जिले में 1290 मतदान केन्द्रों में 11.68 लाख से अधिक मतदाता

रायपुर नगर निगम में निर्वाचन हेतु 70 वार्डों में कुल 1095 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इसमें कुल मतदाताओं की संख्या 10 लाख 36 हजार 118 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 5 लाख 18 हजार 954 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 5 लाख 16 हजार 908 है। तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 256 है। जिले में सभी नगरीय निकायों के 240 वार्ड में कुल 11 लाख 68 हजार 373 मतदाता हैं। जिनमें पुरूष मतदाता 5 लाख 83 हजार 807, महिला मतदाता 5 लाख 84 हजार 307 एवं तृतीय लिंग मतदाता की संख्या 259 हैं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी

## राष्ट्रपति मुर्मू ने बड़े हनुमान जी, अक्षयवट और सरस्वती कूप के किए दर्शन

**प्रयागराज (आरएनएस)।** प्रयागराज की पावन धरा पर सोमवार को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पहुंचकर पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण और श्लोकों के बीच उन्होंने संगम स्थल पर पूजा-अर्चना की और संगम की आरती भी उतारी। इसके उपरांत उन्होंने अक्षयवट और सरस्वती कूप के दर्शन किए, साथ ही बड़े हनुमान मंदिर पहुंचकर श्रद्धाभाव से पूजन-अर्चन किया। इस दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संगम में पवित्र स्नान के उपरांत धार्मिक आस्था को और अधिक मजबूती देने के लिए अक्षयवट का दर्शन-पूजन किया। सनातन संस्कृति में अक्षयवट को अमरता का प्रतीक माना जाता है। यह हिंदू धर्म का



एक महत्वपूर्ण स्थल है, जिसकी महत्ता पुराणों में भी वर्णित है। इसके अलावा वे यहां सरस्वती कूप के दर्शन को भी पहुंचीं। उन्होंने बड़े हनुमान मंदिर में भी पूजन किया और देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।

### प्रयागराज में लगा इतिहास का सबसे 'भीषण' जाम

प्रयागराज का ऐसा कोई भी कोना नहीं है जहां पर जाम न हो। प्रयागराज को जाने वाली सड़कों पर गाड़ियों का कई किलोमीटर तक लंबा जाम लगा है। लोग 'रोड अरेस्ट' की गिरफ्त में हैं। सबसे बुरा हाल रीवा-प्रयागराज हाइवे पर लगा है।

# पीएम मोदी ने की परीक्षा पे चर्चा, सीएम साय हुए शामिल





**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शामिल हुए। पीएम मोदी परीक्षा पे चर्चा में छात्रों को सेहत का ध्यान रखने के टिप्स दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि, कितने लोगों ने पानी पीते समय पानी का भी टेस्ट लिया है। पीएम मोदी ने छात्रों को पानी पीने की सलाह दी है।

उन्होंने कहा कैसे खाना, क्या खाना और कब खाना पर ध्यान देना चाहिए। पीएम ने छात्रों ने कहा कि नींद पूरी आती है या नहीं, इसका भी पोषण से लेना देना है। शरीर की फिटनेस के लिए नींद बहुत जरूरी है। आपको कितने घंटे सोना है, यह जरूरी है। इसके अलावा पीएम ने कहा कि आपमें से कितने लोग हैं जिन्होंने पेड़ के नीचे खड़े होकर गहरी सांस लेने का प्रयास किया है। जीवन में कोई भी प्रगति करनी है इसके लिए पोषण बेहद जरूरी है। केरल से आई एक छात्रा ने पीएम से कहा कि उन्होंने हिंदी बहुत अच्छी लगती है. इसपर पीएम ने कहा कि पहले एक कविता सुनाइए. छात्रा ने पूछा कि परीक्षा में अच्छे अंक नहीं आए तो हमारा फ्यूचर अच्छा नहीं होगा. इसपर एक छात्र ने कहा कि जिंदगी में मार्क्स मायने नहीं रखते. पीएम ने कहा कि यह हमारे समाज में घुस गया है कि अगर स्कूल में इतने नंबर नहीं आए तो जिन्दगी तबाह हो जाएगी. इस समय माता-पिता को तो समझा नहीं सकते. इसके लिए अब आपको खुदको तैयार करना है। आपमें से कितने लोग हैं जो क्रिकेट देखते हैं. कभी आउट होता है तो कभी 6 लगता है. ऐसे में बैट्समेन ऑडियंस नहीं बल्कि पूरा ध्यान अपनी बॉल पर रखता है. आपको भी ऐसा नहीं करना करना है. आपको ऑडियंस का प्रेशर नहीं लेना है.

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, समग्र शिक्षा के प्रबंध संचालक संजीव कुमार झा, संचालक शिक्षा श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा सहित शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।


अपील

@DEEPTI_DUBEY_

नाम: - दीप्ति प्रमोद दुबे
पति का नाम : - प्रमोद दुबे (पूर्व महापौर एवं सभापति, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग).
शिक्षा : - एम.ए. - सायकोलॉजी, हिंदी साहित्य, पत्रकारिता
व्यवसाय : - साईकोलाजिस्ट एवं डायरेक्टर अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल
अनुभव : - राजनीतिक पृष्ठभूमि के कारण राजनीतिक एवं प्रशासनिक कार्यों का 2 दशक का अनुभव.

प्रिय आत्मीयजनों,
मेरी आप सभी से अपील है कि आप उसी प्रत्याशी को चुनें, जो आपको जानता हो, पहचानता हो और आपके सुख-दुख में आपके साथ खड़ा रहता हो।

किसे चुनें?

• जिसे रायपुर से प्रेम है, जिसका घर है, जिसकी खुशहाली और सुरक्षा उनकी जिम्मेदारी है।
• बीते एक साल में प्रदेश सरकार विफल रही, रायपुर में अपराध और लूटपाट की घटनाएँ बढ़ी हैं।
• अगर हर पद पर एक ही पार्टी के लोग होंगे, तो जनता की आवाज दबा दी जाएगी।
• तानाशाही और मनमानी के षड्यंत्र को हमें मिलकर रोकना होगा।
• हम सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध रायपुर बनाने के लिए संकल्पित हैं।
• आप ऐसी शहर सरकार चुनें, जहाँ जनता की आवाज सुनी जाए, जहाँ मनमानी न हो।
• मेरे पति श्री प्रमोद दुबे के कार्यकाल में रायपुर ने विकास की नई ऊँचाइयों को छुआ।
• स्वच्छता, सौंदर्यीकरण, आधुनिक लाइब्रेरी और जनहित के कार्य हमारी प्राथमिकता रहे हैं।
• जाति-धर्म की राजनीति से ऊपर उठकर, अपने सुख-दुख में साथ निभाने वाले को वोट दें।
• यह सिर्फ चुनाव नहीं, बल्कि रायपुर के भविष्य का सवाल है - सोच-समझकर निर्णय लें।

EVM मशीन में 1 नं बटन दबाकर विजयी बनाएं
1 दीप्ति प्रमोद दुबे
2
3
4
5

01 नंबर
दीप्ति प्रमोद दुबे
कांग्रेस, महापौर प्रत्याशी (रायपुर)
मतदान : 11 फरवरी 2025 | पंजे पर बटन दबाएं!
प्रेषक: ज़िला शहर कांग्रेस कमिटी, रायपुर



सम्माननीय मतदाता

आप सभी को सादर नमस्कार

प्रिय रायपुर वासियों,

मैं मीनल चौबे, आप के परिवार की बेटी, जिसने संघर्षों से सीखकर अपने परिश्रम के बल पर अपनी पहचान बनाने की कोशिश की है। मेरी जड़ें इसी रायपुर से हैं यही मेरा जन्मस्थान है, यही मेरी कर्मभूमि है। मैंने भी कठिनाइयों को सहा है, आपके ही बीच पली-बढ़ी हूँ, और शहर की समस्याओं को करीब से देखा और महसूस किया है। मैंने अपने सालेम स्कूल और जे. आर. दानी स्कूल के दिनों से ही राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई है और अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सहित सभी पदों पर रही हूँ। इसके बाद, भारतीय जनता पार्टी में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए, मैं तीन बार नगर निगम पार्षद बनी। हर बार, मैंने आपकी आवाज़ को बुलंद करते हुए आपके हितों की रक्षा करने का प्रयास किया है। रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष के रूप में, मैंने भ्रष्टाचार और अन्याय के विरुद्ध पूरी ताकत से संघर्ष किया।

मैं आपसे सिर्फ वोट नहीं, बल्कि आपका विश्वास, आपका साथ और आपका आशीर्वाद मांग रही हूँ, और अपने अथक प्रयास से रायपुर का सर्वांगीण विकास करने का विश्वास दिला रही हूँ साथ ही सभी वार्ड के भाजपा प्रत्याशी को भी भारी मतो से विजयी बनाएं।

25% टैक्स में छूट महिला सम्पत्ति पर
पट्टेधारियों को भू-स्वामी हक
प्रधानमंत्री आवास
उज्जवला सिलेंडर
महतारी वंदन रू.1000 प्रतिमाह

भाजपा की डबल इंजन सरकार में अपने मतों से लगाएं एक और इंजन।
आज 11 फरवरी को कमल का बटन दबाकर आपकी बेटी को विजयी बनाएं!

नोट : एक ही ईवीएम में भाजपा
महापौर प्रत्याशी सफेद लेबल 2 नंबर बटन एवं पार्षद प्रत्याशी गुलाबी लेबल
कमल का बटन दबाएं.

हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे।

आपकी अपनी, जनसेविका
श्रीमती मीनल चौबे
भाजपा महापौर प्रत्याशी रायपुर
विनीत : भारतीय जनता पार्टी रायपुर जिला

दैनिक
विश्व परिवार
रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार
रायपुर, मंगलवार 11 फरवरी 2025
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


# भाजपा द्वारा किए गए विकास कार्यों से जनता ने अर्जित किया विश्वास : मीनल चौबे

## मतदान से पहले रायपुर महापौर प्रत्याशी का सामाजिक और डोर-टू-डोर संपर्क, कहा- 'भाजपा के लिए जनता का विश्वास अतुलनीय, हमारे परिश्रम का प्रतिफल जनता के आशीर्वाद में'

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** 11 फरवरी नगर निगम रायपुर की जनता अपने नए महापौर और पार्षदों को चुनने के लिए मतदान करेंगी 1 दिन पूर्व चुनावी शोरगुल थामने के बाद सभी प्रत्याशी डोर टू डोर जनसंपर्क करके अपने प्रति समर्थन जुटा रहे हैं, भारतीय जनता पार्टी की अधिकृत महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे ने चुनावी शोरगुल थमने के पश्चात विभिन्न सामाजिक प्रमुखों और संगठनों के साथ भेंट कर मतदान स्वरूप आशीर्वाद और समर्थन मांगा जिसका अच्छा प्रतिसाद उन्हें मिल रहा है उन्होंने आज अधिवक्ता संघ, ऑटो और ई रिक्शा चालक संघ अग्रवाल समाज, विभिन्न धार्मिक आयोजन करवाने वाले प्रमुखों और साथ ही साथ महिला संगठनों के बीच पहुंच कर उनसे भी निगम चुनाव में समर्थन मांगा इस दौरान उनके साथ कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर अपनी बात संबोधन के माध्यम से रखी।

इस दौरान विभिन्न बैठकों में मीनल चौबे ने उपस्थित गणमान्य सामाजिक वरिष्ठों और महिलाओं के समूहों से सीधा संवाद स्थापित किया उन्होंने कहा कि वर्तमान में जनता का विश्वास भाजपा के साथ है डबल इंजन की सरकार के साथ है और जनता ने अब उसमें तीसरा इंजन जोड़ने का मन बना लिया है और ट्रिपल इंजन की राजधानी बनाने का मन बना लिया है जनता का भाजपा के प्रति विश्वास कोई प्रचार या दिखावे से नहीं आया अपितु हमने जनता से किए वादों को संकल्प मान कर पूरा किया है मैने अपने चुनाव प्रचार के दौरान जगह जगह इस बात का अनुभव किया है कि जन मन जीतने में भाजपा सफल है और उसका कारण है हमारे किए गए कार्य बात चाहे ग्रामीण क्षेत्रों की हो या शहरी भाजपा ने हर वादा पूरा किया आज कांग्रेसियों की स्थिति खिसियानी बिल्ली की तरह है नगर निगम रायपुर के चुनाव में 15 साल निगम में स्थापित रहने के बावजूद कांग्रेस के पास गिनाने के लिए कोई कार्य नहीं सिवाय कोई बयानबाजी के पूर्व महापौर को पूरे नगर निगम चुनाव से ही गायब कर दिया गया क्योंकि कांग्रेस जानती थी कि एजाज ढेबर ने पांच वर्ष महापौर रहते रायपुर निगम की जनता को छलने का कार्य किया है उन्होंने नगर निगम को



भ्रष्टाचार और दलाली का केंद्र बना कर रख दिया और उसके विपरीत भाजपा ने सत्ता में आते ही जनता से किए वादों को सिरे से पूरा किया इसका प्रतिसाद निगम चुनाव में देखने को मिला महिलाओं का हुजूम मिलकर पहले ही चर्चा करता महतारी वंदन योजना की करता और अपने अनुभव हमसे साझा करते उन्होंने बताया कि महिलाओं के जीवन में इससे आमूलचूल परिवर्तन आए और उनके रहन सहन जीवन यापन में महतारी वंदन योजना के माध्यम से मिल रही सम्मान राशि से उनकी रोजमर्रा की आवश्यकताओं की पूर्ति से महिलाओं में संतुष्टि है, मुफ्त गैस कनेक्शन उज्वला योजना से, कोविड काल में प्रधानमंत्री जी मुफ्त राशन योजना जैसी अनेकों योजनाओं ने लोगों को आपदा में भी संबल प्रदान किया है आज लोग केवल मतदान का समर्थन नहीं करते अपितु पहुंचते ही घर की बेटी की तरह आशीर्वाद प्यार और दुलार भी देते हैं जिससे मन प्रफुल्लित हो जाता है मै आज मीडिया के माध्यम से रायपुर शहर की शिक्षित और प्रबुद्ध जनता से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील भी करती हूं जिससे मतदान प्रतिशत बढ़े जिससे स्वास्थ्य और सार्थक परिणाम आए।

मतदान की पूर्व संध्या तक भी भाजपा के बड़े नेता और प्रमुख कार्यकर्ता चुनावी समर में अपने अपने क्षेत्रों में परिश्रम करते और भाजपा के पक्ष में जनता से आशीर्वाद मांगते दिखे रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने दक्षिण विधानसभा सहित अन्य क्षेत्रों जैसे अपने पैतृक निवास क्षेत्र में पहुंचकर भाजपा प्रत्याशियों के लिए जनता से आशीर्वाद मांगा, विधायक राजेश मूणत ने आज डोर टू डोर कैंपेन की कमान अपने विधानसभा क्षेत्र रायपुर पश्चिम में संभाली क्षेत्र की जनता से निगम चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन का आशीर्वाद मांगा, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने भी दक्षिण के विभिन्न वार्डों में दौरा किया रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा और ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू भी अपने अपने विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय नजर आए और लगातार स्थानीय जनता से सीधा संवाद स्थापित किया जनता से सरकार की योजनाओं की चर्चा की सभी ने रायपुर नगर निगम को किस तरह देश के उत्कृष्ट नगर निगम में शामिल करेंगे इसका खाका भी जनता के सामने रखा।

## संक्षिप्त समाचार

### रायपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने मीडिया को किया संबोधित



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महाकुंभ मेले के दौरान आमजन के मध्य प्रयागराज के स्टेशनो को लेकर चल रही अफवाहों को प्रेस वार्ता के दौरान प्रयागराज की वास्तविक स्थिति स्पष्ट किया गया। रायपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री दयानंद ने मीडिया को संबोधित किया उन्होंने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से महाकुंभ मेले के दौरान 97 (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से 35 फेरे के लिए कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों की सुविधा उपलब्ध कराई गई। यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए लगातार सभी प्लेटफार्म एवं स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया की मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रयागराज स्टेशनों के प्राप्त वीडियो मीडिया के साथ साझा किए। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री बजरंग अग्रवाल एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अवधेश कुमार त्रिवेदी उपस्थित रहे।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी को रायगढ़ के अधिवक्ता ने लिखा पत्र, ईव्हीएम मशीन के साथ ब्रेथ एनालाइजर लगाने दिए सुझाव

**जशपुर ( विश्व परिवार )।** तपन कुमार डनसेना निवासी घरघोड़ा जिला रायगढ़ के अधिवक्ता ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी रायपुर को पत्र लिखा। उन्होंने पत्र में ईव्हीएम मशीन के साथ ब्रेथ एनालाइजर लगाने का सुझाव दिया हैं। सामान्यता मतदान के 48 घंटे पूर्व मादक पदार्थ की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। जिससे शांति पूर्वक मतदान हो सकें फिर भी कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी छिपे अवैध रूप से मतदान को प्रभावित करने हेतु मतदाताओं को शराब वितरण की जाती हैं इसका उचित रोकथाम का आभाव है यदि ई वी एम मशीन के साथ ब्रेथ एनालाइजर मशीन मतदाताओं के सांस के माध्यम से 12 घंटे पूर्व यदि शराब का सेवन किया गया है उसका पता आसानी से लगाया जा सकता है जिससे स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण में सही मतदान हो सकेंगा।



### श्रीमती सुमित्रा वर्मा को श्रद्धांजलि

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** वरिष्ठ पत्रकार एवं दैनिक हरिभूमि के स्थानीय संपादक श्री धनंजय वर्मा की माता श्रीमती सुमित्रा वर्मा (78 वर्ष) का रविवार रात निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 10 फरवरी, सोमवार, दोपहर 12 बजे, महादेव घाट मुक्तिधाम में किया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, महासचिव डॉ. वैभव शिव पाण्डेय, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी, अरविंद सोनवानी सहित सभी सदस्यों ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।



### आयुष्मान योजना अंतर्गत फर्जी दावे करने वाले अस्पतालों पर सख्त कार्रवाई

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत फर्जी दावों पर सख्त कार्रवाई करते हुए रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर के 28 अस्पतालों का निरीक्षण किया। जांच के बाद 15 अस्पतालों का पंजीयन एक वर्ष के लिए निरस्त कर दिया गया, जबकि 4 अस्पतालों को 6 माह के लिए, 4 को 3 माह के लिए निलंबित किया गया और 5 अस्पतालों को चेतावनी पत्र जारी किया गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) की नेशनल एंटी फ्रॉड यूनिट समय-समय पर फर्जी दावों की पहचान कर ट्रिगर भेजती रही है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ शासन ने विस्तृत परीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे, जिसके बाद राज्य नोडल एजेंसी ने संदिग्ध अस्पतालों की पहचान कर राज्य एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की विशेष बैठक बुलाई। रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर जिलों में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया, जिसमें डॉक्टरों और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीमों ने प्रत्येक दिन दो अस्पतालों की गहन भौतिक जांच की। निरीक्षण के दौरान अनियमितताओं के प्रमाण पाए जाने पर सभी 28 अस्पतालों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए और जवाब देने के लिए पर्याप्त समय दिया गया। अस्पतालों द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण समाधानकारक नहीं पाए गए, जिसके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस कार्रवाई को जरूरी बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार जनता के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**रायपुर, दुर्ग एवं बिलासपुर के 28 अस्पतालों का निरीक्षण : 15 अस्पतालों का पंजीयन निरस्त**

## स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली-दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

**बिलासपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (SECR) में रेल परिचालन को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाने के लिए स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अब तक 432 किलोमीटर रेलखंड में स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली लागू की जा चुकी है, जिसमें से 112 किलोमीटर का कार्य इस वर्ष सफलता पूर्वक पूरा किया गया है।



स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली में रेलपथ को छोटे-छोटे ब्लॉक खंडों में विभाजित किया जाता है। प्रत्येक खंड में एक सिग्नल स्थापित किया जाता है, जो ट्रेन की स्थिति के अनुसार स्वत: हरा (तह्हद्दद्वठ), पीला (ङ्गद्दद्यद्यश्2) या लाल (ऋद्गस्र) संकेत देता है। जैसे ही कोई ट्रेन एक ब्लॉक में प्रवेश करती है, ट्रैक सर्किट सक्रिय हो जाता है और अगले ब्लॉक का सिग्नल लाल हो जाता है जिससे अन्य ट्रेनों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने में मदद मिलती है। स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली से ट्रेनों की गति और अंतराल का स्वचालित रूप से नियंत्रण किया जाता है जिससे रेलवे ट्रैक की क्षमता बढ़ती है और ट्रेनों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलती है। यह प्रणाली रेलवे संचालन को अधिक दक्ष बनाकर मालगाड़ियों और यात्री ट्रेनों, दोनों के लिए लाभदायक सिद्ध हो रही है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रेलवे नेटवर्क के आधुनिकीकरण और सुरक्षित संचालन को प्राथमिकता देते हुए लगातार नए क्षेत्रों में स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली को लागू करने के लिए कार्य कर रहा है। इससे रेलवे का बुनियादी ढांचा मजबूत होगा और यात्री एवं मालगाड़ी संचालन को और अधिक सुगम बनाया जा सकेगा।

## पहले मतदान, फिर दुकान : अमर पारवानी

### कैट ने प्रदेश के नगरीय निकाय चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करनें का संकल्प लिया

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट के प्रदेष कार्यालय में कैट के प्रदेष अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोषी की अध्यक्षता में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारियों की मिटिंग हुई। मिटिंग में कैट ने प्रदेष के नगरीय निकाय चुनाव में षत प्रतिशत मतदान करनें का संकल्प लिया।



कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेष अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोषी ने बताया कि कल 11 फरवरी को प्रदेष के नगरीय निकाय चुनाव होना है। उन्होंने आगे कहा कि कैट ने प्रदेश के नगरीय निकाय चुनाव के इस लोकतंत्र के महापर्व पर हम सभी व्यापारी चुनाव में षत प्रतिशत मतदान कराने का संकल्प लिया है। कि हम व्यापारीगण अपने मताधिकार के साथ-साथ अपने परिवार एवं कर्मचारियों के मताधिकार का उपयोग अवश्य रूप से करवायेगें। कैट समस्त इकाइयों एवं एसोसिएशनों से अपील करती है कि मतदान हेतु अपने क्षेत्र के लोगों को प्रेरित करें ताकि शत् प्रतिशत मतदान हो सके।

मिटिंग में कैट के पदाधिकारी मुख्य रूप जितेन्द दोशी, परमानन्द जैन, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, जयराम कुकरेजा, अवनीत सिंह, महेश जेठानी, परमानन्द जैन (सायकल) मोहन वर्ल्यानी, प्रीतपाल सिंह बग्गा, नागेन्द्र तिवारी, महेन्द्र कुमार बागरोडिया रतनदीप सिंह, अमित गुप्ता, मोनेष साहू एवं बी.एस. परिहार आदि उपस्थित रहे।

## वल्लभ नगर केन्द्र ने धार्मिक यात्रा में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**लगातार तीसरे दिन जारी रहा महाराष्ट्र मंडल का मतदाता जागरूकता अभियान**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महाराष्ट्र मंडल के वल्लभ नगर महिला केंद्र की महिलाओं ने रविवार को राजधानी के धार्मिक स्थलों की यात्रा कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले के नेतृत्व में महिलाएं मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल पहुंचीं। यहां सभी ने शत- प्रतिशत मतदान की शपथ ली और आसपास के रहवासियों को 11फरवरी को महापौर व पार्षद चुनने के लिए मतदान करने की अपील की। उन्हें एक-एक वोट का महत्व समझाया गया। तत्पश्चात केंद्र की महिलाओं ने अपनी धार्मिक यात्रा प्रारंभ की।



महिलाओं की यात्रा का पहला पड़ाव महादेवघाट स्थित हटकेश्वर नाथ मंदिर रहा। यहां सभी ने राजधानी के इस प्राचीन मंदिर के दर्शन किए और वहां पहुंचे भक्तगणों को मतदान के लिए जागरूक किया। यह से मंडल की सभासद बूढ़ामहादेव मंदिर अम्लेश्वर पहुंचीं। जहां सभी ने दर्शन उपरांत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया और पिकनिक का आनंद लिया। इस दौरान मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल खेले गए। इसमें प्रथम संगीता, द्वितीय तोषी देवस्थले और सुवर्णा कस्तुरे तृतीय स्थान पर रहीं। विशाखा ने बताया कि अगले पड़ाव की लिए महिलाएं हार्ट फुलनेस ध्यान केंद्र पहुंची। वहां सभी ने जीवन में ध्यान के महत्व को समझा और ध्यान लगाकर अलग ही अनुभव प्राप्त किया। इस तरह वल्लभनगर केंद्र की महिलाओं अपनी धार्मिक यात्रा पूरी की। इस दौरान केंद्र की संयोजिका मानसी विठालकर, सह संयोजिका वंदना पाटिल, सह संयोजिका कांचन पुसदकर, तोषी देवस्थले, रोहिणी पेंडसे, सुलभा विठालकर, अर्चना जतकर, विजया चौधरी, रोहिणी चिमोटे, सुवर्णा कस्तुरे, नूतन, शुभांगी आप्टे, अमरजीत, शोभा मोहता, अर्चना राखड़े, अपर्णा पेंडसे, माधुरी, संगीता, ज्योति खांडेकर, शोभा ठाडा, मनीषा सदन, स्मिता चांडोरकर सहित अनेक महिला सभासद उपस्थित रहीं।

## छत्तीसगढ़ के शिक्षकों को एनसीआरटी एक्सपर्ट ने दिया प्रशिक्षण

**छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल में हुआ प्रशिक्षण, प्रश्न पत्र से लेकर ब्लूप्रिंट निर्माण को कराया अवगत**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत एनसीईआरटी परख नई दिल्ली के निर्देशानुसार 05 दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर के सभाकक्ष में किया गया ।



एनसीईआरटी नई दिल्ली परख के द्वारा दिल्ली में राष्ट्र स्तरीय प्रश्न पत्र समतुल्यता कार्यशाला में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित विषय विशेषज्ञ डॉ निशा सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करवा जिला सूरजपुर से संगीता देशमुख शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोरा रायपुर डॉ. माधुरी बोरकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोलर रायपुर एवं डॉ. रितु श्रीवास्तव शासकीय उच्चतर विद्यालय रायपुर ने मंडल के सहायक प्राध्यापक डॉ प्रदीप साहू के निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त किया। राज्य स्तरीय प्रशिक्षण डॉ निशा सिंह, डॉ माधुरी बोरकर एवं संगीता देशमुख के द्वारा दिया गया। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ राज्य के विषय विशेषज्ञ डॉ निशा सिंह व्याख्याता डॉ माधुरी बोरकर एवं डॉ रितु श्रीवास्तव के द्वारा एनसीआरटी से आए हुए एक्सपर्ट के साथ मिलकर प्रश्न पत्र योजना कैसे बनाया जाता है उसके कौन-कौन से साथ स्टेप्स हैं ब्लूप्रिंट निर्माण की प्रक्रिया एवं प्रश्न पत्र निर्माण के समय किन बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए तथा प्रश्न पत्र की वैधता।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष रेनू पिल्लई एवं सचिव पुष्पा साहू के द्वारा सभी शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधार पर कक्षा शिक्षण में सुधार की आवश्यकता आकलन एवं मूल्यांकन के परस्पर संबंध पर दिशा निर्देश दिया गया। डॉ.प्रदीप कुमार साहू सहायक प्राध्यापक द्वारा कार्यक्रम का सफलता पूर्वक संचालन किया गया।

प्रशिक्षण सहकार्यशाला में एनसीईआरटी परख के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर इंन्द्राणी भादुरी सहायक प्राध्यापक प्रीति शुक्ला, मनीषि सिंह, शिवा सोमवंशी, चन्द्रप्रभा राहगडाले, अंशुमन कसेर, सिरीज पाल सहित मण्डल के अधिकारी उपस्थित थे।

## एम्स रायपुर में एनाटॉमी विभाग द्वारा देहदान सम्मान समारोह एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर के एनाटॉमी विभाग द्वारा एक देहदान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उन महानुभावों के परिवारों को सम्मानित किया गया जिन्होंने चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के लिए स्वेच्छा से अपने शरीर का दान किया। इस अवसर पर प्रथम वर्ष एमबीबीएस छात्रों के शपथ ग्रहण समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को चिकित्सा अध्ययन में नैतिकता और समर्पण की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एम्स रायपुर के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ, लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) अशोक जिंदल ने देहदान करने वाले महानुभावों के परिवारों के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की और उनके इस सर्वोच्च योगदान को सराहा। एम्स रायपुर की चिकित्सा अधीक्षक, प्रो. डॉ. रेणु राजगुरु ने परिवारों को सम्मान पत्र प्रदान किए और अपने संबोधन में देहदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह चिकित्सा अनुसंधान और शिक्षा के लिए कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे अमूल्य योगदान मेडिकल साइंस को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक होते हैं। एनाटॉमी विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. सौमित्र त्रिवेदी ने अपने सारगर्भित भाषण में देहदान कार्यक्रम की अहमियत पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने एम्स रायपुर में स्वैच्छिक देहदान की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह कैसे चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नए डॉक्टरों को प्रशिक्षित करने में सहायक होता है। इसके अलावा, बढ़ते कदम, वृद्धाश्रम माना, और प्रणाम संस्था जैसी गैर-सरकारी संगठनों (NGOs) को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। इन संगठनों ने देहदान को प्रोत्साहित करने और लोगों में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण शपथ ग्रहण समारोह रहा, जिसमें एनाटॉमी विभाग के प्रो. डॉ. ए. यू. सिद्दीकी के नेतृत्व में प्रथम वर्ष के एमबीबीएस छात्रों ने शपथ ली। उन्होंने शरीर दानकर्ताओं के प्रति सम्मान और समर्पण के साथ अध्ययन करने की प्रतिज्ञा ली।

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **जनता कॉलोनी तिलक नगर, गुढ़ियारी, रायपुर** में निर्मित **एल.आई.जी. भवन योजना** में से **भवन / भूखण्ड क्र. एल.आई.जी.-98, श्री गोपाल जैस पिता स्व. श्री सत्यनारायण जैस** को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित / नामांतरित किया गया है। आबंटी/नामांतरी द्वारा **दिनांक 03.11.2004** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु **दिनांक 30.01.2025** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त भवन **श्रीमती रीना ठाकुर पति श्री राकेश ठाकुर** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 780 दिनांक 10.02.2025**
**वार्ड का नाम- संत रविदास वार्ड**
**वार्ड क्र. 23 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 23 मांग **पंजी क्र. 597 युआईडी 24035** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **प्रमोद देवांगन / छेदी लाल देवांगन** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **रिंकी देवी / योगेन्द्र / योगेश कुमार** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक 12-03-2025 तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 781 दिनांक 10.02.2025**
**वार्ड का नाम- कैलाश नगर वार्ड**
**वार्ड क्र. 21 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 21 मांग **पंजी क्र. 246 युआईडी 22946** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **सतानंद पटेल / इन्द्रभान पटेल** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **अरविंद पटेल/ सतानंद पटेल** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक 12-03-2025 तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

# नगर पंचायत बिश्रामपुर का चुनाव प्रचार हुआ समाप्त चुनावी रण में अध्यक्ष प्रत्याशियों सहित 47 वार्ड प्रत्याशी मैदान में

### नगर के मतदाता आज 11 फरवरी को अपने पसंदीदा प्रत्याशियों का करेंगे चुनाव

### अध्यक्ष पद भाजपा से निर्मला यादव, कांग्रेस से शकुंतला सोनी एवं निर्दलीय के रूप में सुश्री सुमन मौर्य का किस्मत आज ए वी एम मशीन में होगा कैद

गोपाल सिंह विद्रोही







**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- नगर पंचायत बिश्रामपुर नगरीय चुनाव में उम्मीदवारों के नाम वापसी के बाद अब चुनावी मैदान में अध्यक्ष पद के लिए केवल तीन उम्मीदवार सहित पार्षद 47 उम्मीदवार मैदान में शेष रह गए है।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत बिश्रामपुर के पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव की धर्मपत्नी निर्मला यादव भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के युवा नेता दिलीप सोनी की धर्मपत्नी शकुंतला सोनी एवं स्वर्गीय जवाहर मौर्य की सुपुत्री सुश्री सुमन मौर्य के बीच मुकाबला अब होगा । चुनावी मैदान में निर्मला यादव भारतीय जनता पार्टी के चुनाव चिन्ह कमल फूल, शकुंतला सोनी इंडियन कांग्रेस के पंजा छाप एवं सुश्री सुमन मौर्य डायमंड हीरा के साथ चुनाव मैदान में एक दूसरे को ललकार रही है। यहां बताना आवश्यक है कि शकुंतला कांग्रेस का के डमि कैंडिडेट थी। निवर्तमान नगर पंचायत विश्रामपुर के अध्यक्ष आशीष यादव की धर्मपत्नी का छत्तीसगढ़ का ओबीसी का सर्टिफिक्रेट न होने के कारण निर्वाचन अधिकारी वर्षा जायसवाल ने उनके फार्म का रिजेक्ट कर दिया था ऐसी स्थिति में डमी कैंडिडेट शकुंतला सोनी को चुनावी मैदान में कांग्रेस ने उतारा तो वही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विजय शर्मा अपनी धर्मपत्नी निर्मला शर्मा को चुनावी मैदान में उतारने के लिए बहुत प्रयास किए थे परंतु इन मौके पर निर्वाचन अधिकारी ने उनका भी ओबीसी सर्टिफिक्रेट सही नहीं होने के कारण फॉर्म को रिजेक्ट कर दिया ऐसी स्थिति में मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। राजनीतिक चुनावी स्थिति साफ होने के बाद अब तीन उम्मीदवार ही नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए मैदान में रह गए हैं ।निर्मला यादव ,शकुंतला सोनी ,सुश्री सुमन मौर्य के बीच आज से चुनावी लड़ाई होगी

**9654 मतदाता वार्ड पार्षद एवं अध्यक्ष का भाग्य का फैसला करेंगे आज-** नगर पंचायत अध्यक्ष पद उम्मीदवारों के ललकार के साथ ही वार्ड पार्षद भी अपने दम खम के साथ चुनावी मैदान में है ।नगर पंचायत बिश्रामपुर के 15 वार्डों के चुनावी मैदान में पार्षद पहलवानों को देखें तो वार्ड क्रमांक 1 में लक्ष्मीबाई यादव चुनाव चिन्ह पंजा, सुनीता विश्वकर्मा चुनाव चिन्ह कमलपुर, अंजुला उर्फ अनु दुबे चुनाव चिन्ह कैरम बोर्ड, प्रभात चौबे सिलाई मशीन, संजू चौधरी चुनाव चिन्ह टेलीफोन के साथ एक दूसरे को ललकार रहे हैं। वार्ड क्रमांक 2 पर नजर डालें तो अजीत कुमार भगत कमल फूल,मालती तिग्गा पंजा छाप चुनाव चिन्ह के साथ आमने-सामने है। वार्ड क्रमांक 3 में अर्चना किरण लकड़ा कमल फूल ,उर्मिला पंजा छाप , रेणु सिलाई मशीन के साथ त्रिकोणीय मुकाबले के लिए तैयार है ।वार्ड क्रमांक 4 फूल कुंवर पंजा छाप ,प्रकाश कुर्रे कमल फूल ,राहुल खट्टर का ब्लैक बोर्ड के साथ एक दूसरे से दो-दो हाथ करने के लिए तैयार है। वार्ड क्रमांक 5 रोशनी पटेल पंजा छाप ,विनोद कुमार कमल फूल ,उज्जवल सिंह ब्लैक बोर्ड के साथ एक दूसरे को रंगत उड़ाने में लगे हैं। वार्ड क्रमांक 6 अबीना एक्का पंजा छाप ,पूजा दास कमल फूल, देवकी देवी ब्लैक बोर्ड के साथ दो-दो हाथ करने को तैयार है ।वार्ड क्रमांक 7 भारतीय जनता पार्टी के युवा तुर्क नेता दीपेंद्र सिंह चौहान कमल फूल ,शोभा सिंह पंजा छाप ,जसवीर चौधरी ब्लैक बोर्ड, राजेंद्र कुमार पांडा सिलाई मशीन के साथ चुनावी मैदान में एक दूसरे को चित करने में लगे हुए है। वार्ड क्रमांक 8 दिवाकर कुमार जायसवाल पंजा छाप, रेखा विश्वकर्मा कमल फूल ,प्रज्ञा साहू कूलर,रविंद्र कुमार विश्वकर्मा ब्लैक बोर्ड के साथ चुनावी पिच पर हैं । वार्ड क्रमांक 9 अमरेश प्रसाद कमल फूल, प्रभाकर स्वाइ पंजा छाप चुनाव चिन्ह के साथ आमने-सामने है। यहां बता दे कि अमरेश कुमार अंगद की पांव की तरह 5 बार से अपने वार्ड में जमे हुए हैं, जिन्हें जिला पाना प्रभाकर स्वाई के लिए बहुत मुश्किल होगी ।इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 10 में श्रीमती बीना शर्मा पंचायतपंजा ज्योति सिंह कमल फूल ,नीलम कुमारी शर्मा सिलाई मशीन के साथ अपने-अपने चुनावी एक-47 से एक दूसरे को छलनी करने में लगी हुई है ।वार्ड क्रमांक 11 रवि शंकर बउआ कमल फूल, रिंकू यादव पंजा छाप ,गीता पुरी सिलाई मशीन के साथ चुनावी मैदान में एक दूसरे को ललकार रही हैं यहां बताना आवश्यक होगा की युवा नेता रवि शंकर बउआ पांच बार चुनावी मैदान अपने प्रतिद्वंदियों को धूल चटा चुके हैं और अब तक अपराजय रहे हैं उनकी विशेषता है कि जिस वार्ड से चुनाव लड़ते हैं जनता का प्यार उन्हें भरपुर मिलता है इस लिए वार्ड क्रमांक11 में ताल ठोक रहे हैं। वार्ड क्रमांक 12 यहां लोक प्रिय महिला नेत्री दीप्ति स्वाई पंजा छाप के साथ मैदानी चुनावी समर में है ।दीप्ति स्वाई अपने कार्यों एवं निष्ठा के कारण प्रत्येक चुनाव में जनता का विश्वास जीता है यहां इन्हें इस बार भारतीय जनता पार्टी के कृति दुबे कमल फूल से तो वार्ड के पूर्व युवा पार्षद जो युवाओं में अपनी पकड़ बनाए हुए हैं कढ़ाई चुनाव चिन्ह से चुनौती दे रहे हैं।वार्ड क्रमांक 13 माधुरी मंडल कमल फूल पूजा देवी पंजा छाप दोनों आमने-सामने है और एक दूसरे को पटकनी देने में लगी हुई है। कोई किसी से कम नहीं है दोनों हवलदार पहलवान चुनावी मैदान में है। वार्ड क्रमांक 14 भारतीय दास पंजा छाप शकुंतला सोनी कमल फूल चंद्रावती सिलाई मशीन के साथ एक दूसरे को चुनौती दे रही हैं ।पिछले नगर पंचायत पार्षद के चुनाव में शकुंतला देवी सोनी मात्र 3 वोट से कृति दुबे से पराजित हुई थी। भारतीय जनता पार्टी ने उन पर पुनः विश्वास कर चुनावी मैदान में उतारा है।वार्ड क्रमांक 15 में रामजीत6 यादव कमल फुल, विकास सिंह पंजा छाप, सुशील कुमार विश्वकर्मा सिलाई मशीन चुनाव चिन्ह के साथ त्रिकोणीय मुकाबले के लिए एक दूसरे को खुलेआम ललकार रहे हैं। यहां बता दें कि वार्ड क्रमांक 15 में तीनों युवा उम्मीदवार युवाओं में खूब पसंद किए जाते हैं ।अब देखना है कि इस वार्ड से जनता जनार्दन किस पर मेहरबानी दिखाकर ए वी एम मशीन का बटन दबाकर उनके भाग्य का फैसला कैद करेगी ।

बाहर हाल इतना तो तय है कि भारतीय जनता पार्टी के निर्मला यादव एवं कांग्रेस की शकुंतला सोनी के बीच कांटे का टक्कर होने जा रहा है।

## नगर पंचायत बिश्रामपुर के मतदान केंद्रों का व्यवस्था का जायजा एसडीम शिवानी जायसवाल ने ली



### चुनाव कर्मचारीयो का खाने पीने शौचालय की व्यवस्था में लगे अरविंद यादव

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**- नगर पंचायत बिश्रामपुर के सभी मतदान केंद्रो का जायजा लेने एसडीम शिवानी जायसवाल पहुंची, सभी केदो का निरीक्षण कर नगर पंचायत विश्रामपुर के सीएमओ सुशील तिवारी , स्वच्छता प्रभारी अरविंद यादव को आवश्यक व्यवस्था के लिए दिशा निर्देश दिया ।व्यवस्था में सुशील तिवारी, सुनील सिंह, अरविंद यादव आदि लगे हुए हैं। यहां बताना आवश्यक है कि नगर पंचायत बिश्रामपुर में 9654 मतदाता है जिन्हें मतदान करने हेतु नगर के विभिन्न भवनों एवं विद्यालय में मतदान करने की व्यवस्था की गई है। मतदान केंद्रों पर नजर डाले तो वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4 शासकीय विद्यालय चोपड़ा कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 6,7 सामुदायिक भवन माइन्स कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 8 2ए सामुदायिक भवन, वार्ड क्रमांक 9 ऑफिसर्स क्लब, वार्ड क्रमांक 10 ,11 ग्लोबल मिडिल स्कूल ,वार्ड क्रमांक 12 शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुर, वार्ड क्रमांक 13-वार्ड कबीर चबूतरा क्रमांक 14 ,15 नगर पंचायत विश्रामपुर परिसर को मतदान केंद्र बनाया गया है। कुछ मतदान केदो पर मतदाताओं के लिए सेल्फी जोन का भी निर्माण किया गया है। इस प्रकार नगर पंचायत बिश्रामपुर नगर पंचायत के चुनाव की व्यवस्था के लिए सभी तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई है ।आज 11 फरवरी को 9654 मतदाता 47 प्रत्याशियों का भाग्य का फैसला ईवीएम मशीन में कैद करेंगे।

## कलेक्टर व डीआईजी ने स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

गोपाल सिंह विद्रोही

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- नगरीय निकाय चुनाव हेतु जिले में बनाए गए 5 स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का सोमवार को कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन व डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने निरीक्षण कर मतगणना की तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान दोनों अधिकारियों के द्वारा मतगणना के बेहतर संचालन और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए वहां मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर व डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर ने अधिकारियों को मतगणना प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना कक्ष, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, मीडियाकर्मियों की बैठक व्यवस्था, राउंडवार उद्घोषणा की व्यवस्था, अभ्यर्थियों के मतगणना एजेंट का प्रवेश एवं उनकी बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, तकनीकी





व्यवस्था, पर्याप्त बिजली व्यवस्था, पार्किंग, आगमन, निर्गमन, पेयजल सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। मतगणना ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समय पूर्व मतगणना स्थल पहुंचने, सौपें गए दायित्वों का पूर्ण सतर्कता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। मतगणना के दौरान भारी संख्या में पुलिस के अधिकारी व जवानों की तैनाती होगी, इस दिन वाहनों की पार्किंग सुव्यवस्थित कराने के निर्देश दिए।

डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने स्ट्रॉन्ग रूम में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश ना कर सके इसलिए स्ट्रॉन्ग रूम के चारों तरफ सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। यहां सशस्त्र पुलिस के अधिकारी-जवानों की सुरक्षा इंतजाम है। इस दौरान डीएफओ श्री पंकज कमल, सहित प्रशासन व पुलिस के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# चिटफण्ड कंपनी के एक और डायरेक्टर को विश्रामपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

### चार आरोपी पूर्व में भी हो चुके हैं गिरफ्तार

**सूरजपुर ब्यूरो ) दैनिक विश्व परिवार )**- पुलिस अधीक्षक सूरजपुर के माध्यम से जन सामान्य निवेशकों से चिडफंड से संबंधित प्राप्त आवेदनो पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु आवेदन प्राप्त होने पर अभिपवा प्रोडियूसर कंपनी लिमि. ब्रांच आफिस 5-1-29 आर सी व्यास कालोनी भिलवाडा 311001 (राजस्थान) पीएच नं. 01412297521 कंपनी में आवेदकों के द्वारा जमा राशि कंपनी द्वारा वापस नहीं करने के संबध में प्राप्त आवेदनों की जांच अनुविभागीय दंण्डाधिकारी सूरजपुर से कराने पर अनुविभागीय दण्डाधिकरी सूरजपुर के पत्र दिनांक 02.04.2023 से प्राप्त जांच प्रतिवेदन आवेदक के कथनानुसार आवेदकगण के द्वारा निवेश राशि का एक वर्ष बाद तीन गुना राशि वापस किये जाने का प्रलोभन दिये जाने के झांसे में आकर अभिपवा प्रोडियूसर कंपनी लिमि. भिलवाडा (राजस्थान) कंपनी में राशि निवेश किया गया है किंतु उक्त कंपनी के द्वारा आवेदकों को निवेश की गई राशि को वापस नहीं किया गया है। इस प्रकार कंपनी के द्वारा छ.ग. के छत्तीसगढ़ के निक्षेपको के हितो का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 7(1) के अनुसार कपटपूर्ण तरिके से व्यक्तिकम किया जाना पाया गया। इसी प्रकार उक्त कंपनी/वित्तीय स्थापना द्वारा छ.ग. के निक्षेपकों के हितो के संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 1 में उल्लेखित किया गया है अधिनियम की धारा 6, 1 के अनुसार उक्त कंपनी/वित्तीय स्थापना को अपने कारोबार के बारे में सक्षम प्रधिकारी को सूचना दिया जाना था किन्तु कंपनी को सूरजपुर जिले में सक्षम प्राधिकारी जिला मजिस्ट्रेट को कोई भी सूचना नहीं दी गई और व्यवसाय किया जाता रहा। जिसकी पुष्टि आवेदकों के साथ संलग्न कंपनी के दस्तावेज से हुई है और कंपनी द्वारा धारा 6, (1), 6(2) का भी उलंघन किया है।



जांच पर अभिपवा कंपनी लिमिटेड के डायरेक्टर दिनेद्र कुमार दधीच, अनंत दधीच, कपिल जैन, महेश कुमार सेन, विनोदचन्द्र सोमचन्द शाह व अन्य निवासी व्यास कालोनी भिलवाडा राजस्थान के द्वारा जिले के 29 निवेशकों को 2-3 गुना अधिक राशि देने का प्रलोभन देकर 17 लाख 28 हजार 366 रूपये की ठगी कर धारा 420, 34 भा.द.सं, इनामी चिटफंड और धन परिचालन चिट स्कीम अधिनियम 19 बरा 4,5,6 एवं छत्तीसगढ़ के निक्षेपको के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10 के अन्तर्गत अपराध घटित करना पाये जाने से थाना विश्रामपुर में अपराध क्रमांक 149/2023 धारा 420, 34 भा.द.सं, इनामी चिटफंड और धन परिचालन चिट स्कीम अधिनियम 1978 की धारा 4,5,6 एवं छत्तीसगढ के निक्षेपको के हितो का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इस मामले में 4 आरोपी डायरेक्टर दिनेद्र कुमार दधीच, अनंत दधीच, कपिल जैन, महेश कुमार सेन को पूर्व में गिरफ्तार कर महिन्द्रा कंपनी का एक्सयूव्ही 700 क्रमांक आरजे 06 यूसी 6669 कीमत करीब 21 लाख रूपये का जप्त किया था। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने आमजनता के साथ किए गए ठगी के मामले को गंभीरता से लिया और प्रकरण के फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए थाना विश्रामपुर पुलिस को निर्देशित किया। एएसपी संतोष महतो के मार्गदर्शन में विवेचना के दौरान प्रकरण के आरोपी विनोदचन्द्र सोमचन्द शाह पिता विनोदचद्र शाह उम्र 70 वर्ष निवासी 3-27 अभिलाशा डिपार्टमेन्ट नियर व्यासवाडी नवाबाडेज अहमदाबाद गुजरात को दिये गये पते पर जाकर आरोपी के मिलने पर आरोपी को विवेचना में सहयोग करने हेतु नोटिस दिया गया जो जिसके आज थाना आने पर उसे विधिवत् गिरफ्तार किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर एवं डीआईजी सूरजपुर ने मतदान केन्द्रों पर जाकर मतदान दल को किया चेक



**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**-जिले में नगरीय निकाय चुनाव जिनमें 1 नगर पालिका व 4 नगर पंचायत के 78 मतदान दलों को कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार, 10 फरवरी 2025 को आईटीआई भवन सूरजपुर से मतदान सामग्री व ईवीएम के साथ मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया है। मतदान केन्द्र पहुंचे मतदान दलों को कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन व डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने चेक किया और निर्वाचन आयोग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने, पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ चुनाव कार्य सम्पादित करने व मतदान कराने की सभी तैयारियों को समय पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान सुरक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारी व जवानों को सर्तकता के साथ ड्यूटी करने, नागरिकों को कतारबद्ध होकर मतदान केन्द्रों में जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### पेपर गैंग ने महिला के पर्स से उड़ाया 6 लाख का सोना

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के द्वारा यात्री संबंधित अपराधों की रोकथाम हेतु यात्री सामानों की चोरी से प्रभावित गाडियों का विश्लेषण करते हुए अपराध गुप्तचर शाखा, बिलासपुर के द्वारा लगातार गुप्त निगरानी की जा रही थी। इसी क्रम में दिनांक 07 फरवरी, 2025 को गाड़ी संख्या 58214 (टिटलागढ़ पैसेंजर) में एक महिला यात्री के बैग से करीबन 7 तोला सोने की आभूषण कीमत लगभग 6,00,000 (छः लाख) रूपये की चोरी होने की रेल मदद के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई। यात्री द्वारा जीआरपी, रायगढ़ में एफआईआर दर्ज कराया गया। प्राप्त शिकायत पर कर्मपाल सिंह गुर्जर, अपराध गुप्तचर शाखा, बिलासपुर, रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, बिलासपुर एवं कोरबा की तत्काल एक टीम गठित की गई और शिकायतकर्ता द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर सीसीटीवी फूटेज और अन्य आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए दिनांक 08 फरवरी, 2025 को कर्मपाल सिंह गुर्जर, निरीक्षक अपराध गुप्तचर शाखा, बिलासपुर एवं उनकी टीम द्वारा मामले में संलिप्त 5 आरोपियों को किरोड़ीमल नगर, रायगढ़ से चोरी किए गए कुल-6,00,000 रूपये की संपत्ति के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार सभी आरोपी न्यूजपेपर गैंग (मंडल गैंग), बिहार के रहने वाले है। पूछताछ के दौरान पाया गया है कि सभी आरोपी यात्री सामानों की चोरी के आदतन अपराधी है, जो भारत के अलग-अलग राज्यों में रेल यात्री संबधित अपराध मौका पाकर करते है। सभी आरोपियों को संबंधित जीआरपी को जप्त संपत्ति के साथ कानूनी कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया।

### जिला प्रशासन ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**बेमेतरा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन मे आगामी नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनज़र जिला प्रशासन बेमेतरा द्वारा मतदाताओं में जागरूकता फैलाने के लिए लगातार रैलियों का आयोजन किया जा रहा है। जगाव वोटर अभियान के अंतर्गत आज नगर पालिका परिषद् में स्वच्छता दीदियों ने एक विशेष मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली का उद्देश्य मतदाताओं को उनके मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक करना और आगामी 11 फरवरी को होने वाले नगरीय निकाय चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना है। इस अभियान में स्वच्छता दीदियों ने भाग लेकर आम नागरिकों को यह संदेश दिया कि मतदान सिर्फ एक अधिकार नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। उनका यह प्रयास था कि हर एक मतदाता अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित हो और अपने क्षेत्र के विकास में भागीदार बने। कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट रणबीर शर्मा ने इस अवसर पर जिले के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे निर्भीक और निष्पक्ष होकर मतदान करें। उन्होंने कहा, लोकतंत्र की सशक्त नींव तभी बन सकती है, जब हम सभी मिलकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। शत-प्रतिशत मतदान ही स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र की पहचान है। कलेक्टर ने जिले में जागरूकता फैलाने के लिए कई रैलियों और कार्यक्रमों का आयोजन करने की बात कही, ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान में भाग ले सकें। जिला प्रशासन के प्रयासों में रैलियों के साथ-साथ विभिन्न माध्यमों से जनजागरूकता फैलाने के लिए पोस्टर, बैनर, और स्थानीय मीडिया का उपयोग किया जा रहा है।

दैनिक
विश्व परिवार
विचार-पक्ष
रायपुर मंगलवार 11 फरवरी 2025
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


# संपादकीय

## इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से नोटिस

देश के किसी भी राज्य की पुलिस व्हाट्सएप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा किसी आरोपी को नोटिस नहीं भेज सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगाते हुए पुलिस को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 41ए (भारतीय सुरक्षा संहिता की धारा35) को लेकर आदेश दिया। अदालत ने राज्य सरकारों को स्थाई आदेश जारी करने का आदेश दिया। उन्हें सीआरपीसी या बीएनएसएस के तहत सेवा के निर्धारित तरीकों के माध्यम से ही नोटिस जारी करने को कहा। हरियाणा के डीजीपी के आदेश में कहा गया था कि सीआरपीसी की धारा 41ए व बीएनएसएस की धारा35 के तहत नोटिस भौतिक रूप से या वाट्सएप, एसएमएस, ई-मेल व किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से तामील कराये जा सकते हैं। सबसे बड़ी अदलात अपने एक फैसले में व्हाट्सएप के जरिए दिए नोटिस को पहले ही गलत बता चुकी है। वास्तव में व्यक्तिगत रूप से नोटिस देने में कई दफा पुलिस असफल रहती है। आरोपी तक उसकी पहुंच न हो या वह पकड़ न आ रहा हो तो नोटिस देने में उसे कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। कई दफा पुलिस नोटिस रिहाइस में चिपकाकर इतिश्री करने की रस्म निभाती नजर आती है। आधुनिक तकनीकि और संचार माध्यमों के उपयोग को दर-किनार करना अब अव्यावहारिक नहीं ठहराया जा सकता। आज जब अपराधियों की धर-पकड़ में उनकी लोकेशन का खुलासा करने में फोन और नेट-वर्क सबसे बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से नोटिस न देने का निर्णय पुलिस के अधिकारों को सीमित करने सरीखा है। आधुनिक तकनीकि व प्रौद्योगिकी को रोजमर्रा के जीवन में आसानियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रयोग किए जाने में कोई हर्ज नहीं। यह आवश्यक है कि नोटिस प्राप्ति की सूचना स्पष्ट तौर पर प्राप्त होने का प्रमाण पुलिस के हाथ हो ताकि उसे साक्ष्य प्राप्त करने में दिक्कत न हो। पुराने व पारंपरिक तरीकों को बदलना निसंदेह जोखिमपूर्ण हो सकता है। मगर इस भय से सुविधाओं को नित-प्रति जीवन से दूर नहीं रखा जा सकता। हालांकि पुलिस भी अपने अधिकारों का दुरुपयोग करने को कम बदनाम नहीं है। वह रस्मादायगी के तौर पर मैसेज, वाट्सएप या ई-मेल कर हाथ पर हाथ रखे बैठी रह सकती है। अदालती नोटिसों से न घबराने वाले दोषियों की धर-पकड़ अंततः पुलिस का ही जिम्मा है।

# पाकिस्तान सरकार के अस्तित्व का प्रश्न

**कुलदीप चंद अग्निहोत्री**



पाकिस्तान सरकार इन इलाकों की किसी न किसी तरह पहचान समाप्त करने की कोशिश में लगी रहती है। उसने हजारा और चित्राल को तो केपी में ही मिला दिया है। अब बलती और दरद, पाकिस्तान सरकार से प्रश्न करने लगे हैं कि हम पाकिस्तान में रहते हैं, उसके बावजूद हमें बेगानों की तरह देखा ही नहीं जाता बल्कि परोक्ष रूप से पंजाबी और सैयद ही हम पर राज करते हैं। बलती और दरद भाषाओं को अकादमिक जगत और प्रशासन में से दूध की मक्खी की तरह निकाल दिया गया है। यही कारण है कि अब पाकिस्तान में पंजाबियों और सैयदों को छोड़ कर बाकी बिरादरियां नाराज हैं तीन–चार दिन पहले पाकिस्तान सरकार ने सार्वजनिक छुट्टी की थी। सरकार का कहना है कि पाकिस्तान के लोगों को कश्मीर के साथ एकजुटता का प्रदर्शन करना है जो शहबाज शरीफके अनुसार पाकिस्तान में शामिल होने के लिए तड़प रहे हैं, लेकिन भारत सरकार उन्हें जबरदस्ती भारत में रखे हुए है। जब पाकिस्तान सरकार पाकिस्तान के लोगों को यह विश्वास दिलाने की कोशिश कर रही थी कि कश्मीरी पाकिस्तान में मिलने के लिए छटपटा रहे हैं, उन्हीं दिनों पाकिस्तान में रहने वाले बलोच और पश्तून पाकिस्तान से अलग होने की कोशिश में मशगूल थे। बलोचिस्तान के लोगों ने इस काम के लिए बीएलए यानी बलोचिस्तान लिबरेशन आर्मी बना रखी है। इसी प्रकार पश्तूनों ने पाकिस्तान से निकलने के लिए टीटीपी यानी तहरीके तालिबान पाकिस्तान का गठन किया हुआ है। ये दोनों संगठन अपने स्वभाव और प्रकृति के अनुरूप ही अपना मुकाम हासिल करने के लिए हथियारों का इस्तेमाल करते हैं। बलोचों को यह अंदेशा हो गया है कि पाकिस्तान सरकार बलोचिस्तान को परोक्ष रूप से चीन के हवाले करने जा रही है। दरअसल इस्लामाबाद ने बलूचिस्तान में गवादर बंदरगाह एक प्रकार से चीन के हवाले की हुई है। इसलिए उस इलाके में बलोच कम और चीनी ज्यादा दिखाई देने लगे हैं। ये चीनी सैनिक और चीनी इंजीनियर इत्यादि बलोचों से तिरस्कार से बात करते हैं। बलोच लिबरेशन आर्मी समय–स्थान देखकर पाकिस्तानी सेना पर हमला करती रहती है। लेकिन जिन दिनों पाकिस्तान कश्मीरियों को पाकिस्तान में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहा था, उन्हीं दिनों बलोच नौजवान कलात में घात लगा कर पाकिस्तानी सेना के लोगों का इंतजार कर रहे थे। घात लगा कर किए इस हमले में पाक सेना के 18 सैनिक तो मौके पर ही मारे गए, यह सूचना है। बहुत से सैनिक घायल भी हुए। इसके दूसरे दिन ही पश्तूनों के सूबे खैबर पख्तूनखवा में बलूचिस्तान के चार सरकारी कर्मचारियों की डेरा ईसमाईल खान में हत्या कर दी गई। यह माना जा रहा है कि यह टीटीपी का कारनामा है। पश्तून और बलोचों का गुस्सा पंजाबियों के खिलाफ है। पाकिस्तान में बलोच, सिंधी और पश्तून यह मान कर चलते हैं कि पाकिस्तान का अर्थ असल मायने में पंजाबी जाटों, राजपूतों और सैयदों का देश है। इनके देश में बाकी बिरादरियां मसलन सिंधी, बलोच और पश्तून दोयम दर्जे के नागरिक ही हैं। सिंध, बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनखवा के प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग पंजाब के लोग करते हैं और बाकी बिरादरियों का पंजाबियों द्वारा शोषण किया जाता है। सिंधियों का 'जिए सिंध' अहिंसक है, लेकिन बलोचों और पश्तूनों का आंदोलन उनकी परंपरा के अनुसार 'बंदूक का आंदोलन' है। पहले पहल बीएलए और टीटीपी अलग–अलग आंदोलन चलाते थे। पाकिस्तान सरकार को शक है कि पिछले कुछ समय से ये दोनों आपसी तालमेल बढ़ा रहे हैं और आपसी सहयोग से ही निशाना चुनते हैं और उसे अंजाम देते हैं। पाकिस्तान की चिंता का एक दूसरा कारण भी है। खैबर पख्तूनखवा (केपी) के पश्तून लड़ाकों को अफग़ानिस्तान में तीन साल पहले बनी पश्तूनों की सरकार भी मदद कर रही है। पाकिस्तान ने अफग़ानिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक करके काबुल को डराने और धमकाने की कोशिश की। लेकिन लम्बे अरसे तक रूस और अमेरिका की फौजों से लड़ते लड़ते पश्तून इस स्ट्राइक से और भी उग्र हो गए और उन्होंने पाकिस्तान के भीतर घुस कर पाक सरकार को चुनौती दी। अकेले बलोचिस्तान में ही पिछले एक महीने में बलोच नौजवानों ने 24 बार अलग अलग स्थानों पर पाकिस्तानी सेना की टुकडियों पर हमले किए जिनमें ग्यारह पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। जहां तक हथियारों का प्रश्न है, कहा जाता है कि काबुल छोड़ते समय अमेरिकी सेना हथियारों के जो जखीरे छोड़ गई थी, उसका कुछ हिस्सा टीटीपी के हाथ भी लग गया है। अब प्रश्न उठता है कि जिस पाकिस्तान में पंजाबी जाटों, सैयदों को छोड़ कर शेष बचे सिंधी, बलोच और पश्तून भी रहना नहीं चाहते, वहां भला कश्मीरी क्या करने जाएगा? इतना ही नहीं, वहां से निकलने के लिए बलोच और पश्तून तो बंदूक लेकर पाकिस्तानी सेना से लगातार लड़ रहे हैं। वहां कश्मीरी की क्या हैसियत होगी? लेकिन पाकिस्तान की सरकार, जिसको बलोच और पश्तून आम तौर पर पाकिस्तान की सरकार नहीं कहते बल्कि पंजाबियों और सैयदों की सरकार ही कहते हैं, कश्मीरियों को पाकिस्तान में आने के लिए निमंत्रण दे रही है। अब इसकी चर्चा कश्मीर के उस हिस्से में भी होने लगी है, जो 1947 से ही पाकिस्तान के कब्जे में बना हुआ है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण गिलगित और बलतीस्तान ही हैं। बलतीस्तान का एक हिस्सा कारगिल को 1947 में ही भारतीय सेना ने छुड़ा लिया था, लेकिन उसका शेष विशाल हिस्सा पाकिस्तान सरकार के कब्जे में ही रहा। पाकिस्तानी सेना ने 1999 में कारगिल पर एक बार फिर कब्जा करने की कोशिश की, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। गिलगित में से चीन सरकार सडक़ बना रही है, इसलिए वहां चीनी सैनिकों एवं अन्य चीनी कर्मियों का जमावड़ा बना रहता है। गिलगित के दरद और बलतीस्तान के बलती पाकिस्तान सरकार द्वारा किए जा रहे सौतेले व्यवहार से त्रस्त होकर पिछले कुछ वर्षों से संगठित होने लगे हैं, ऐसी सूचना है। वे भी पाकिस्तान सरकार के खिलाफ किसी न किसी रूप में लामबंद होने लगे हैं। पाकिस्तान सरकार इन इलाकों की किसी न किसी तरह पहचान समाप्त करने की कोशिश में लगी रहती है। उसने हजारा और चित्राल को तो केपी में ही मिला दिया है। अब बलती और दरद, पाकिस्तान सरकार से प्रश्न करने लगे हैं कि हम पाकिस्तान में रहते हैं, उसके बावजूद हमें बेगानों की तरह देखा ही नहीं जाता बल्कि परोक्ष रूप से पंजाबी और सैयद ही हम पर राज करते हैं। बलती और दरद भाषाओं को अकादमिक जगत और प्रशासन में से दूध की मक्खी की तरह निकाल दिया गया है। यही कारण है कि अब पाकिस्तान में पंजाबियों और सैयदों को छोड़ कर बाकी बिरादरियों में चर्चा का विषय यह बनता जा रहा है कि शासन पर कब्जा जमा कर बैठे सिंडीकेट से देश के भीतर के ही बलोच और पश्तून तो संभाले नहीं जाते। वे पंजाबियों और सैयदों के व्यवहार से तंग आकर बंदूक उठा रहे हैं और सरकार कश्मीरियों को झांसा देकर अपने जाल में फंसाना चाहती है। यही कारण है कि अब कश्मीर में चर्चा का विषय पाकिस्तान में बलतियों, सिन्धियों, बलोचों, दरदों और पश्तूनों की हालत बना हुआ है। जो कश्मीरी नौजवान सैयदों के झांसे में आकर पाकिस्तान चले भी गए थे, वे भी निराश होकर वापस आने के प्रयास करने लगे हैं। ताज्जुब है कि पाकिस्तान वास्तव में अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है, लेकिन उसके साथ–साथ कश्मीरियों को भी पाकिस्तान में आने का निमंत्रण दे रहा है।

## आलेख

# संबंधों में बढ़ती हिंसा और असंवेदनशीलता

**सोनम लववंशी**

तेलंगाना में पूर्व सैनिक गुरुमूर्ति द्वारा अपनी पत्नी माधवी की हत्या और उसके शव के साथ की गई बर्बरता ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना न केवल एक जघन्य अपराध की कहानी है, बल्कि समाज में व्याप्त हिंसा की प्रवृत्ति, रिश्तों में बढ़ती असंवेदनशीलता और मानसिक विकृति का भी प्रमाण है। इस वारदात ने श्रद्धा वालकर की हत्या की यादें ताजा कर दी हैं, जहां उसके कथित प्रेमी ने उसे मार कर शव के टुकड़े कर दिए थे। ऐसी घटनाएं समाज के भीतर गहरी पैठ बना चुकी क्रूरता और रिश्तों में बढ़ती दरारों को उजागर करती हैं। गुरु मूर्ति ने अपनी पत्नी को मारने के बाद उसके शव को टुकड़ों में काट कर कुकर में उबालने और फिर झील में फेंकने जैसा अमानवीय कृत्य किया। यह किसी साधारण अपराध की श्रेणी में नहीं आता। यह घटना हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता और मानसिक अस्थिरता को दर्शाती है। रिश्तों में असहमति होना स्वाभाविक है, लेकिन जब यह असहमति हिंसा का रूप ले लेती है, तो यह समाज के लिए गंभीर चेतावनी बन जाती है। यह घटना हमें सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर, ऐसा क्या हो गया है कि रिश्ते अब हिंसा और हत्या की ओर बढ़ रहे हैं। पति–पत्नी के बीच संबंधों को निजी मामला माना जाता है, लेकिन क्या इन संबंधों में मानवता और संवेदनशीलता पूरी तरह खत्म हो चुकी है? गुरुमूर्ति और माधवी के बीच झगड़े पहले भी होते रहे होंगे, लेकिन इन झगड़ों ने हिंसा का ऐसा स्वरूप ले लिया जो किसी भी सभ्य समाज के लिए अस्वीकार्य है। जहां यह दंपति रहता था, वहां के पड़ोसियों को भी इस बात की भनक तक नहीं लगी। यह समाज में बढ़ती एकाकी प्रवृत्ति और पड़ोसियों के बीच संवादहीनता को उजागर करता है। क्या हम इतने आत्मकेंद्रित हो चुके हैं कि हमारे आसपास क्या हो रहा है, इसकी हमें कोई परवाह नहीं? यह घटना केवल एक अपराध नहीं है, बल्कि समाज के लिए दर्पण भी है, जिसमें हमारी सामूहिक संवेदनहीनता साफ झलकती है। रिश्तों में विश्वास की कमी और संवादहीनता ऐसी घटनाओं की मुख्य वजह बन रही हैं। घरेलू हिंसा के मामले दिन–ब–दिन बढ़ रहे हैं, लेकिन इन्हें रोकने के लिए केवल कड़े कानून पर्याप्त नहीं हैं। इन घटनाओं के पीछे छिपे मानसिक और सामाजिक कारणों को समझना और उनका समाधान खोजना भी जरूरी है। यह घटना हमें सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम अपने रिश्तों को सही तरीके से संभाल पा रहे हैं। अगर किसी रिश्ते में समस्या है, तो उसका समाधान संवाद और परामर्श के माध्यम से निकाला जा सकता है। लेकिन जब समस्याओं को नजरअंदाज किया जाता है, तो वे हिंसा का रूप ले लेती हैं। हमें समझने की जरूरत है कि घरेलू हिंसा केवल व्यक्तिगत मामला नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज को प्रभावित करती है। माधवी की हत्या का मामला यह भी दर्शाता है कि समाज में मानसिक स्वास्थ्य और पारिवारिक तनाव को लेकर जागरूकता की कमी है। हमें समझना होगा कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं किसी भी व्यक्ति को हिंसक बना सकती हैं। इस दिशा में सामूहिक प्रयास की जरूरत है, जिसमें परिवार, समाज और सरकार की भूमिका अहम है। गुरु मूर्ति द्वारा किए गए इस अपराध को केवल एक अपराधी की मानसिक विकृति मान कर खारिज नहीं किया जा सकता। यह घटना समाज में व्याप्त गहरी समस्याओं की ओर इशारा करती है। इसे एक उदाहरण बना कर सुनिश्चित करना होगा कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इसके लिए न केवल सख्त कानूनों की जरूरत है, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाने की भी महती आवश्यकता है। यह घटना हमें सोचने पर मजबूर करती है कि हम किस दिशा में जा रहे हैं। रिश्तों में बढ़ती हिंसा और असंवेदनशीलता को रोकने के लिए हमें अपने मूल्यों और व्यवहारों पर पुनर्विचार करना होगा। यह समाज के लिए चेतावनी है कि अगर हम अब भी नहीं जागे तो ऐसी घटनाएं आम हो जाएंगी। गुरुमूर्ति और माधवी का मामला केवल एक घटना मात्र नहीं है, बल्कि समाज के लिए आत्मचिंतन का विषय भी है। हमें सुनिश्चित करना होगा कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए व्यक्तिगत, सामाजिक और संस्थागत स्तर पर जोरदार प्रयास किए जाएं।

# अपराधियों पर नकेल कसने की जरूरत

**डॉ. एस.के. मिश्र**

भारत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) के लिए आपराधिक मामलों में इंटरपोल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए विशेष रूप से भारतपोल पोर्टल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लॉन्च किया गया है। यह पोर्टल भारत में आपराधिक घटनाओं के वांछित भगोड़ों के विरुद्ध %लाल' तथा अन्य रंग कोडित नोटिस जारी करने के अनुरोधों को सुगम बनाता है। केंद्रीय अन्वेषण व्यूरो (सीबीआई) द्वारा बनाए गए इस पोर्टल की महत्त्वपूर्ण विशेषता रीयल टाइम इंटरफेस है। अभी तक इंटरपोल के साथ काम करने वाली एकमात्र एजेंसी सीबीआई होती थी किंतु भारतपोल लॉन्च होने से हर भारतीय एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस अंतरराष्ट्रीय पुलिस संगठन (इंटरपोल) के साथ जुड़ सकेंगी। पोर्टल और तीन नये आपराधिक कानून विदेश भागे अपराधियों को पकडऩे का मजबूत माध्यम सिद्ध हो सकेंगे। गृह मंत्रालय के अनुसार भारतपोल वास्तविक समय पर सूचना साझा करने और अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहायता तक तेजी के साथ पहुंच को सक्षम करके केंद्रीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों और राज्यों की पुलिस के बीच इस प्रकार से समन्वय स्थापित करेगा कि अपराधी की तलाश एवं वापसी की प्रक्रिया और भी सुगम हो जाएगी।

गृह मंत्री ने कहा कि नया पोर्टल केंद्रीय और राज्य जांच एजेंसियों को इंटरपोल में 195 सदस्य देशों से अपने मामलों की सीधे तौर पर जानकारी साझा करने और उनसे जानकारी प्राप्त करने की अनुमति देगा। नई दिल्ली के भारत मंडपम में संपन्न सीबीआई के अलंकरण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में %भारतपोल' की शुरुआत के साथ भारत अंतरराष्ट्रीय जांच में नये युग की शुरुआत कर रहा है। %भारतपोल' नेटवर्क के माध्यम से 195 देशों के साथ मादक पदाथरे, हथियारों, मानव तस्करी और सीमा पार के अनेक अपराधों से संबंधित घटनाओं से निपटने के लिए सहयोग संभव हो सकेगा। अंतरराष्ट्रीय अपराधों का विश्लेषण करने, उन पर लगाम लगाने से संबंधित तथा अपराधियों को पकडऩे में इससे सहयोग मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि फिलहाल राज्यों की पुलिस विदेश भाग चुके अपराधियों का पता लगाने और तत्पचात उनके प्रत्यार्पण के लिए केस दर केस फैसला करती हैं। इससे विदेश में रह रहे अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई समय पर सुनिश्चित नहीं हो पाती।

अभी तक राज्यों की पुलिस को विदेश भागे भगोड़े के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस अथवा अन्य नोटिस जारी करने के लिए सीबीआई से ई–मेल, पत्र व्यवहार अथवा फैक्स के माध्यम से संपर्क करना पड़ता था। मामलों के फॉलोअप में भी यही तरीका अपनाना होता था। भारतपोल प्रारंभ हो जाने से यह व्यवस्था बदल जाएगी। इस पोर्टल पर किसी अपराधी के विरुद्ध रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने के लिए आवेदन किया जा सकता है, जो सीबीआई की मार्फत तत्काल इंटरपोल तक पहुंच जाएगा। पोर्टल पर ही किसी केस की मौजूदा स्थिति को भी देखा जा सकता है अर्थात देश के सुदूर कोने से भी राज्य पुलिस अथवा कोई अन्य जांच एजेंसी विदेश भागे अपराधी का पता लगाने के लिए सरलता एवं शीघ्रता से इंटरपोल तक पहुंच सकती है। पोर्टल के माध्यम से ऐसे अपराधियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा सकेगी जो दूसरे देशों में अपराध करने के पश्चात भारत में छिप कर रह रहे हैं। अतः देश की जांच एजेंसियों को भारतपोल का भरपूर इस्तेमाल करना चाहिए ताकि अपराधियों को ढूंढ लाना संभव हो सके। तीनों आपराधिक कानून लागू होने से अपराधियों के विरुद्ध उनकी अनुपस्थिति में भी ट्रायल करने का रास्ता साफ हो गया है। उल्लेखनीय है कि आधुनिक तकनीक से बने भारतपोल पर अंतरराष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन के 19 प्रकार के डाटा बेस उपलब्ध हैं, जो अपराधों का गहन विश्लेषण अथवा मीमांसा करने, अपराध रोकने और अपराधियों को पकडऩे में सशक्त सहयोगी सिद्ध हो सकेंगे। वास्तव में वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी पण्रालियों एवं तंत्रों को उन्नत करने की सामयिक आवश्यकता थी और भारतपोल उस दिशा में समयोचित कदम कहा जा सकता है। गृह मंत्री शाह ने कहा कि भारतपोल के पांच प्रमुख मॉड्यूल–कनेक्ट, इंटरपोल नोटिस, संदर्भ, प्रसारण और संसाधन–हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों को समर्थन देने के लिए तकनीकी मंच प्रदान करते हैं। कनेक्ट के माध्यम से हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियां अनिवार्य रूप से इंटरपोल के राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (एनसीबी, नई दिल्ली) के विस्तार के रूप में कार्य करेंगी। यह प्रणाली इंटरपोल नोटिस के अनुरोधों पर त्वरित, सुरक्षित और संरक्षित प्रसारण सुनिश्चित करेगी जिससे भारत के भीतर एवं बाहर अपराधियों का तेजी से पता लगाने के लिए वैज्ञानिक तंत्र सक्षम होगा और समय पर अपराधियों पर नकेल डाली जा सकेगी। निस्संदेह भारतपोल पोर्टल इंटरपोल डेटाबेस तक पहुंचेगा जिससे अधिकारी डाटा का विश्लेषण करने, अपराध रोकथाम रणनीति विकसित करने और अपराधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से पकडऩे और पता लगाने में सक्षम होंगे। वास्तव में इस दौर में साइबर अपराध की दुनिया में अनवरत उभरतीं चुनौतियों का तीव्रता, निपुणता तथा दक्षता से समाधान करने की प्रणाली की क्षमता को त्वरित गति की जरूरत भी है। निश्चित ही भारत की इस क्षेत्र में पहल क्रांतिकारी परिणाम दे सकेगी जिसमें जांच प्रक्रियाओं को फिर से परिभाषित करने और कानून प्रवर्तन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की क्षमता निहित है।

# प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को वजीफा तो दो

**भूपिंदर सिंह**

खिलाड़ी बनाए नहीं जाते हैं, वे जन्म से ही अलग होते हैं सरकारें प्रतिभाशाली खिलाडिय़ों को सीधा वजीफा क्यों नहीं दे सकती हैं? हिमाचल प्रदेश के कुछ एथलीट हैं जो 2026 की एशियाई खेलों में देश के लिए खेल कर पदक दे सकते हैं। उनमें सावन और दिनेश सेना व सीमा भी राष्ट्रीय कैंप में रह कर राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। सीमा ने इस खत्म हुए प्रतियोगिता कलैंडर में एशियाई क्रास कंट्री का व्यक्तिगत स्वर्ण पदक भारत की झोली में डाला है। दूसरी तरफ कुछ उभरते हुए जूनियर एथलीट हैं जो विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले सत्र गोहाटी में आयोजित खेलो इंडिया अंतर विश्वविद्यालय एथलेटिक्स में राजकीय महाविद्यालय मंडी की धाविका कुसुम ठाकुर ने सौ मीटर की फर्राटा दौड़ में रजत व दो सौ मीटर में स्वर्ण पदक जीत कर हिमाचल का नाम रोशन किया है। हमीरपुर के सरकारी महाविद्यालय की धाविका प्रिय ठाकुर ने चार सौ मीटर की दौड़ में कांस्य पदक जीता है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की चार गुणा चार सौ मीटर दौड़ में भी लड़कियों ने कांस्य पदक जीता है। इस वर्ष पंजाब विश्वविद्यालय की एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हमीरपुर की मनीषा ठाकुर ने चार सौ मीटर की दौड़ को 53.1 सैकंड में दौड़ कर स्वर्ण पदक जीता है, मगर अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में वह फाइनल तक ही पहुंच पाई है। इस सत्र में भी धर्मशाला कालेज की स्मृति जमवाल ने तेज गति की दौड़ों में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय को पदक जीते हैं। इन सब उभरती धाविकाओं को नौकरी व वजीफे की सख्त जरूरत है। तेज गति की दौड़ों में हिमाचल के खिलाडिय़ों का प्रदर्शन पहले कमजोर ही रहा है। यह अलग बात है कि पुष्पा ठाकुर ने जरूर इस मिथक को तोडक़र भविष्य के एथलीटों को राह दिखाई है। इसके बाद फिर हमीरपुर कालेज की प्रोमिला व ज्योति ने अंतर विश्वविद्यालय स्तर पर पदक जीते हैं। मानव शरीर ईश्वर द्वारा बनाई गई बहुत ही अद्भुत मशीन है। इसे चलाने के लिए भी ईंधन की जरूरत होती है। मानव शरीर के ऊर्जा चक्र को समझने के लिए हमें एटीपी से लेकर सीपीए लैक्टिक एसिड, शरीर से ऑक्सीजन की उधारी व सांस द्वारा ऑक्सीजन का फेफड़ों में पहुंच कर खून के साथ मिलकर फिर सैल तक पहुंच कर शरीर को गतिशील बनाए रखने का गहन अध्ययन जरूरी है। सौ से लेकर चार सौ मीटर की दौड़ों को तेज गति में गिना जाता है। गति ही सभी स्पर्धाओं व खेलों की जीत का मूल मंत्र है। यह खिलाड़ी में जन्मजात होती है। प्रशिक्षण द्वारा भी इसमें बहुत ही कम, एक उम्र तक विकास होता है। ओलंपिक खेलों में विभिन्न खेलों की कई स्पर्धाएं आयोजित होती हैं, मगर एथलेटिक्स का आकर्षण सबसे अधिक होता है। ओलंपिक में जो धावक सौ मीटर की दौड़ में विजेता बनता है, वह पृथ्वी का तीव्रतम इनसान बनता है। सौ मीटर की दौड़ का अद्भुत रोमांच होता है। हिमाचल प्रदेश में तेज गति के बहुत कम धावक व धाविकाएं आज तक सामने आए हैं। सौ मीटर से लेकर चार सौ मीटर की स्पर्धाओं को स्परिंट यानी तेज गति की दौड़ों में रखा है। इन स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए जहां जन्मजात स्पीड चाहिए होती है, वहीं पर बहुत अधिक स्पीड, इंडोरैंस व स्ट्रैंथ ट्रेनिंग की जरूरत होती है। जहां उच्च कोटि का प्रोटीन आम आदमी को आसानी से उपलब्ध होता है, वहीं के लोगों में अच्छी स्पीड जन्म से ही होती है। स्पीड को बहुत छोटी उम्र से ही विकसित करना पड़ता है। इसलिए स्पीड पर प्रशिक्षण दस वर्ष से भी कम आयु में शुरू करना पड़ता है। अगले पांच सालों में स्पीड अपने उच्च स्तर तक विकसित हो जाती है। यह भी कहा जाता है कि स्परिंटर पैदा होते हैं, बनाए नहीं जाते। भारत के अधिकतर स्परिंटर समुद्र तट से संबंध रखते हैं। मछली इन लोगों का मुख्य आहार है। मछली में अच्छी गुणवत्ता का प्रोटीन मिलता है। उत्तर भारत में शाकाहारी अधिक हैं, मगर गेहूं, दूध व उससे बने पदार्थों में भी अच्छी क्वालिटी का प्रोटीन मिलता है। यह भी कारण है कि पंजाब, हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश से भी समय–समय पर अच्छे स्परिंटर मिलते रहते हैं। हिमाचल प्रदेश से वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पुष्पा ठाकुर ही एक मात्र धाविका है जो हिमाचल प्रदेश के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 400 मीटर में पदक विजेता है। एशिया व ओलंपिक खेलों के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों तक पहुंचने वाली इस धाविका के बाद अभी तक कोई भी पुरुष या महिला हिमाचल प्रदेश के लिए वरिष्ठ राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत नहीं पाया है। भविष्य में उभरते हुए कुसुम, प्रिया, स्मृति व मनीषा आदि तेज गति के एथलीट हैं। लंबी दूरी की दौड़ों में सीमा व सावन आज राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इन सब एथलीटों को, जो हिमाचल से पलायन कर गए हैं और जो हिमाचल में रह कर ट्रेनिंग कर रहे हैं, हिमाचल सरकार सम्मानजनक नौकरी दे तथा इन सभी एथलीटों को 2026 खेलों तक वजीफा भी दे। इस स्तर पर अपना अभ्यास जारी रखने के लिए महीने में पचास हजार रुपए चाहिए होते हैं। जो नौकरी में हैं वो तो बहुत कठिनाई से अपने वेतन से कुछ न कुछ जुगाड़ कर लेते हैं,



## संक्षिप्त समाचार

### पदम डाकलिया ने किसानों को जैविक खेती के बारे में बताए फायदे




**रायपुर (विश्व परिवार)।** धमतरी जिले के सिलीडीह भखारा गौशाला में गौ आधारित कृषि पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मनोहर गौशाला के ट्रस्टी डॉ. अखिल जैन (पदम डाकलिया) भी आमंत्रण पर यहां प्रशिक्षण देने पहुंचे और फसल अमृत से खेती करने के फायदे बताए। छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैविक कृषि के राष्ट्र प्रमुख केई एन राघवन, छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल, प्रांत प्रमुख टोप लाल वर्मा सहित पूरे प्रदेश से बड़ी संख्या में किसान और गौ सेवक मौजूद रहे।

### नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 : मतदान दल को मतदान सामग्री का किया गया वितरण, सामग्री लेकर दल के सदस्य हुए बस से रवाना



**रायपुर (विश्व परिवार)।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह और एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने शासकिय इंजिनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार स्थित स्ट्रांग रूम पहुंचकर रायपुर नगर निगम निर्वाचन में लगे मतदान दलों को गुलाब फूल भेंटकर शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर डॉ. सिंह ने निर्वाचन कार्यों में लगे मतदान कर्मियों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया। फिर मतदान दलों का मतदान केंद्र के लिए रवाना होने का सिलसिला शुरू हुआ। कलेक्टर डॉ सिंह के निर्देशानुसार सामग्री वितरण स्थल पर टेंट बैठने की व्यवस्था, सादा जल, नींबू पानी, जलजीरा तथा बिस्कुट व्यवस्था की गई थी, साथ ही मतदान सामग्री ले जाने के लिए ट्रॉली की सुविधा प्रदाय की गई। कलेक्टर तथा एसएसपी ने सभी पुलिसकर्मियों से निर्वाचन दलों और मतदान सामग्रियों की सुरक्षा करने के कर्तव्य को हर हाल में पूरा करने को कहा। समाग्री वितरण स्थल पर की गई व्यवस्था देख मतदान दल के सदस्य काफी खुश हुए और जिला प्रशासन की सराहना की।

मतदान दल को आज ईवीएम मशीनें, वीवीपैट सहित अन्य सामग्री देकर बस से रवाना किया गया। साथ ही सुरक्षाबल की टीम भी उनके साथ थी। इस दौरान कलेक्टर तथा एसएसपी ने मतदान दलों से मुलाकात की तथा उनसे जानकारी ली। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि मतदान दलों के सुविधाओं में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं होगी। सारी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। मतदान दल को बेहतर प्रशिक्षण दिया गया है और प्रशिक्षण पाकर अवश्य ही बेहतर तरीके से मतदान को कराएंगे। उनकी सुविधाओं में कोई कमी न हो, इसके लिए चेकलिस्ट की व्यवस्था की गई है। मतदान प्रशिक्षण संबंधी वीडियो भी शेयर किए गए है। एसएसपी डॉ सिंह ने कहा कि मतदान दलों के साथ सुरक्षा कर्मियों को भी रवाना किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतदान कार्य कराए जाएंगे। इसके लिए पूर्ण तैयारियां की गई है। इस दौरान रायपुर निगम श्री अबिनाश मिश्रा तथा जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप ने भी मतदान दलों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्री कीर्तिमान सिंह राठौर, अपर कलेक्टर श्रीमती अभिलाषा पैकरा, एडीएम श्री देवेंद्र पटेल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर बंदे तथा जिला परिवहन अधिकारी श्री आशीष देवांगन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# दीक्षा एक अन्तर्मुखी घटना है : निर्यापक मुनि श्री समतासागर जी महाराज

**डोंगरगढ़ (विश्व परिवार)।** दीक्षा एक अन्तर्मुखी घटना है जो जगत और जीवन के रहस्यों को समझने पर अपने अंतर्मन में घटित होती है। उपरोक्त उदगार निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर महाराज ने चंद्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ़ में प्रात:कालीन धर्म सभा में व्यक्त किये। मुनि श्री ने कहा कि वैराग्य कभी भी किसी भी कारण अथवा निमित्त मिलने से आ सकता है। तीर्थंकरों को कभी प्रकृति के कारण तो कभी परिवार के कारण तो कभी पूर्व भव के जातिय स्मरण आदि का निमित्त मिलने से तीर्थंकर प्रभु के वैराग्य भाव बने है। मुनि श्री ने कहा कि कोई न कोई निमित्त कोई न कोई भाव कोई न कोई कारण अंतरंग में आते ही वैराग्य के भाव उत्पन्न हो जाते है। उन्होंने कहा कि दीक्षा दिवस को गुरु उपकार दिवस के रुप में मनाना चाहिये। आचार्य कुंद - कुंद देव ने मानव समाज को उपदेश देते हुये लिखा है कि यदि संसार के दु:ख से छुटकारा पाना चाहते हो तो मुनि दीक्षा ग्रहण करो। उन्होंने कहा कि जिसको संसार के राग रंग तथा आरम्भ-परिग्रह में रुचि रहती है वह उसी में ही लगा रहता है। उसके भाव कभी दीक्षा लेने के होते ही नहीं है। मुनि श्री ने कहा दीक्षा प्रदाता गुरु तो सौभाग्यशाली है ही हम सब भी बहुत सौभाग्यशाली है जो कि इतना पुण्य लेकर आये कि रत्नात्रय को धारण करके साधना करने की अनुकूलता बनी। मुनि श्री ने कहा कि 1982 में जब आचार्य श्री के साथ सम्मेद शिखर जी की वंदना पूर्ण हूई तो जो आर्यिका संघ यहां मौजूद है उन बहनों की दीक्षा की तैयारी पूर्ण हो चुकी थी तथा पिच्छी कमंडल भी इसी निमित्त से आऐ थे और गुरुदेव का आशीर्वाद भी इन्ही लोगों को मिल रहा था। हम लोग तो पीछे बैठे खुश हो रहे थे कि चलो हम लोगों को आर्यिका दीक्षा देखने मिलेगी लेकिन पता नही कैसे गुरुवर के भावों में परिवर्तन आया जो पिच्छी कमंडल आए ब्रहम्चारी बहनों के लिये थे वह हम सभी सातों ब्रहम्चारिओ जिसमें मै स्वयं तथा मुनि श्री सुधासागर जी आदि सातों ब्रहम्चारिओं की सीधे ऐलक दीक्षा चंद्रप्रभु मंदिर के समक्ष संपन्न हो गई और वह पिच्छी कमंडल हम लोगों को प्रदान कर दिये गये। सभी बहनों की आठ नौ प्रतिमाएं तो हो ही चुकी थी। जब श्री सम्मेदशिखर जी से आगे बड़े और आगे चातुर्मास नैनागिर में संपन्न हुआ तभी वहां पर आप सभी बहनों की प्रथम आर्यिका दीक्षा वरिष्ठ आर्यिका गुरुमति माताजी, आर्यिकारत्न दृणमति माताजी सहित 9 आर्यिका माताओं की दीक्षा संपन्न हुई थी। मुनि श्री का प्रवचन चल रहा था और आर्यिकारत्न गुरु मति माताजी के संस्मरण में समस्त दृश्य झलक रहे थे और उन दृश्यों की वह भी प्रकट कर रही थी इस अवसर पर आर्यिका संघ भी मुनि श्री एवं गुरूमति बड़ी माताजी की बातों को बड़े ही ध्यान से सुन रही थी एवं उन भावों की अनुमोदना कर रही थी। उपरोक्त जानकारी राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन एवं क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख निशांत जैन (निशु) ने बताया मुनिसंघ तथा आर्यिका संघ चंद्रगिरी तीर्थ पर विराजमान है, प्रात: प्रवचन 8:30 से चल रहे है। इस अवसर पर चंद्रगिरी ट्रस्ट के अध्यक्ष किशोर जैन, महामंत्री निर्मल जैन, कोषाध्यक्ष श्री सुभाष चन्द जैन, चंद्रकांत जैन, अनिल जैन, सप्रेम जैन, निखिल जैन, नरेश जैन, सप्रेम जैन, अमित जैन, दीपेश जैन उपस्थित थे।मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र से आये श्रद्धालुओं ने तथा राजनांदगांव, कवर्धा, दुर्ग, रायपुर, से बड़ी संख्या में पधारे श्रद्धालुओं ने मुनिसंघ तथा आर्यिकासंघ का आशीर्वाद प्राप्त किया।



# समाजसेवी विजय बड़जात्या का अमृत महोत्सव मनाया गया




**इंदौर (विश्व परिवार)।** मुमुक्षु समाज के गौरव एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप जीनियस के संस्थापक संरक्षक श्री विजय-इंद्रा बड़जात्या का उम्र के 75 वर्ष की पूर्णता पर जीनियस ग्रुप एवं फास्ट आईएएस एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में समारोह पूर्वक अमृत महोत्सव मनाया गया।

धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि जीएसटीआई कॉलेज के सिल्वेरिया ऑडिटोरियम में रविवार को संपन्न समारोह में मुख्य अतिथि सांसद श्री शंकर लालवानी एवं डीएवीवी इंदौर के कुलगुरु राकेश सिंघई थे। विशेष अतिथि के रूप में सेवा निवृत्त जिला न्यायाधीश श्री पवन गोधा क्राइम ब्रांच ब्रांच के डीसीपी राजेश दंडोतिया थे।

श्रीमती मंजू वेद, बरखा बड़जात्या, रेणु पोरवाल व मीनल पाटनी एवं श्रीमती साक्षी जैन, वीणा पोरवाल एवं अनु सेठी द्वारा प्रस्तुत मंगल नृत्य की प्रस्तुति से शुभारंभ हुआ कार्यक्रम में श्री टी के वेद, संजय बड़जात्या ने अतिथियों का स्वागत किया। हंसमुख गांधी ने श्री विजय बड़जात्या का परिचय दिया एवं अतिथियों ने श्री बड़जात्या का माल्यार्पण कर अभिनंदन पत्र, शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया।

अतिथियों ने अपने संक्षिप्त संबोधन में श्री बड़जात्या को धर्म, समाज, शिक्षा, और संस्कृति के प्रति समर्पित समाजसेवी बताते हुए उनकी सकारात्मक कार्य शैली की सराहना करते हुए शतायु होने की कामना के साथ उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। समारोह में सोशल ग्रुप एवं समाज की विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों, परिजनों, मित्रों और स्नेही जनो ने भी श्री बड़जात्या का सम्मान किया।

इस अवसर पर अतिथियों ने फास्ट आईएएस एकेडमी से शिक्षा प्राप्त वर्ष 2022 की परीक्षा में सफल 18 प्रतिभाशाली एवं विभिन्न पदों पर चयनित छात्रों का एकेडमी द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान भी किया। प्रारंभ में एकेडमी के संस्थापक एवं

चेयरमैन और दिगंबर जैन महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अशोक बड़जात्या ने एकेडमी के संबंध और उसकी कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए सफल सम्मानित छात्रों को बधाई देते हुए देश, समाज एवं राष्ट्रहित में ईमानदारी से कार्य करने और उत्साह एवं द्रढ संकल्प के साथ आगे बढ़ने की शपथ दिलाई।

समारोह में दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष श्री राजकुमार पाटोदी, आर के जैन रानेका, राजेश उदावत, डॉ जैनेन्द्र जैन, चिराग जैन, अशोक खासगीवाला, कैलाश वेद, मयंक जैन, माहवीर जैन, श्रीमती आशा बड़जात्या एवं लायन श्रीमती सरला सामरिया रेखा जैन आदि समाज श्रेष्ठि उपस्थित थे। समारोह का संचालन टी के वेद ने किया आभार अक्षय कासलीवाल ने माना।

# आचार्यश्री ने परमार्थ की शुरुआत सागर से की : मुनिश्री निरोग सागर जी महाराज



**सागर (विश्व परिवार)।** आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने अपने जीवन काल में जो भी शुरुआत की सागर से ही की है शतखंड आगम शास्त्र की शुरुआत मोराजी से 1980 में, परमार्थ की शुरुआत भाग्योदय तीर्थ सागर और सबसे बड़ा जिनालय सर्वत्रोभद्र तीर्थ सागर में बन रहा है। गुरुदेव के मन्दिर के सपने को सागर बालों को जल्दी ही पूरा करना है। यह बात मुनिश्री निरोग सागर महाराज में भाग्योदय तीर्थ में प्रवचन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि अपनों की चोट करारी होती है लेकिन सबसे बड़ी चोट कर्मों की होती है। सच्चे देव शास्त्र गुरु की आराधना करने से कर्मो की निर्झरा होती है। गुरुदेव का सपना सर्वत्रोभद्र जिनालय था जिन लोगों ने दान बोला है वे शीघ्र चुकाएं, पुण्य और पाप से ही राजा और रंक बनते हैं। यह सब कर्मो का खेल है। जिन भक्ति हमारे कर्मो को काट सकती है आपको समता धारण करना होगा दिगबरत्व ही हमें सिद्धि प्राप्त करा सकता है दान की परंपरा, गुरु की पूजा, शास्त्रो का स्वाध्याय इन से ही कर्मो की निर्झरा होती है। दान नाम का नहीं होना चाहिए। दान कमाई है धर्म की व्यापार करने में भी आप पाप कमाते हैं। आप अपने शरीर की शुद्धि अकेले में करते हो। इसी प्रकार आत्मा की शुद्धि भी दान देकर करें। मुनिश्री ने कहा कि कुछ संत ऐसे हैं जिनके कुछ कहने पर सल्ल हो जाती है लेकिन कुछ संत ऐसे होते हैं जिनके सामने हमें वात्सल्य भरपूर मिलता है।

ब्रा डॉ रेखा दीदी ने बताया केन्द्रीय जेल सागर में सिद्ध चक्र महामंडल विधान का छठवाँ वर्ष है। विधान 15 से 19 फरवरी तक 2048 कैदियों की उपस्थिति में होगा 15 फरवरी को कवि सम्मेलन होगा। **-मुकेश जैन ढाना**

# आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि दिवस की स्मृति में जयपुर में आचार्यश्री की ब्रह्मचर्य स्थली चूलगिरी पर हुई महापूजा

## जयपुर के सैकड़ों भक्तगण हुए शामिल

**जयपुर (विश्व परिवार)।** इस युग के महान दिगम्बर जैन संत, संत शिरोमणि आचार्य 108 विद्यासागर महाराज के प्रथम समाधि दिवस पर आचार्य श्री की ब्रह्मचर्य स्थली आगरा रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी में भक्तिमय धार्मिक पूजा का आयोजन किया गया।

इस मौके पर जयपुर के सैकड़ों भक्तों ने कार्यक्रम में शिरकत की। श्री शांतिनाथ मंडल विधान के साथ आचार्य श्री की महापूजा का आयोजन किया गया। पुष्प लता छाबड़ा दिपेश - अलका, चिरायु लक्षिता, मनन छाबड़ा परिवार की ओर से इस कार्यक्रम का महाआयोजन किया गया। इस मौके पर आचार्य श्री को सैकड़ों भक्तों ने याद कर उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया।



राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि श्री शांतिनाथ मंडल विधान एवं आचार्य श्री की महापूजा गुरुभक्त मनीष- रचना चौधरी द्वारा संगीत की स्वर लहरियों के साथ संपन्न करवाई।

श्री चौधरी ने बताया कि जैन धर्म में श्री शांतिनाथ मंडल विधान का अपना महत्व है, आचार्यश्री के पास जब भी कोई अपनी समस्या लेकर जाता था तो वो हमेशा शांतिनाथ मंडल विधान करने के लिए उस श्रावक को बोलते थे। आज हमारा सौभाग्य है कि हम आज ये विधान और उसकी प्रेरणा देने वाले आचार्यश्री की महापूजा एक साथ कर रहे हैं। सर्वप्रथम शांतिनाथ मंडल विधान में पुष्पलता दिपेश- अल्का, चिरायु- लक्षिता, मनन छाबड़ा परिवार ने मिलकर मंगलकलश की स्थापना और दीप प्रज्वलन कर पूजा आरंभ करवाई।

इस मौके पर समाजश्रेष्ठी विवेक काला सुभाष चन्द जैन, प्रदीप जैन, विनोद जैन कोटखावदा, मनीष बैद, संजय पांडया, मनोज सोगानी, यशकमल अजमेरा, चेतन निमोडिया, कमल वैद, कैलाश छाबड़ा, अजय कटारिया, धीरज पाटनी, रवि प्रकाश जैन, विरेन्द्र गदिया, अनिल पाटनी सहित जयपुर जैन समाज के गणमान्य बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। सभी ने अपनी ओर से आचार्य श्री की महापूजा में जल से लेकर महाअर्घ चढ़ाने तक सहभागिता दर्ज कराई। इससे पूर्व मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ के अभिषेक के बाद विश्व में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। महाआरती के बाद समापन हुआ। **-विनोद जैन**

# शांतिनाथ दिगंबर जैन पाठशाला के बच्चों द्वारा कालचक्र के विषय में बताते हुए अनंतमति नाटिका की शिक्षाप्रद अलौकिक प्रस्तुति दी गई



**रामगंजमंडी (विश्व परिवार)।** विगत दिनों से चल रहे सिद्ध चक्र महामंडल विधान में 1024 अर्घ्य समर्पित किए गए एवं 11 फरवरी को पूर्णाहुति एवं श्री जी की रथयात्रा के साथ महामंडल विधान पूर्ण हो जाएगा। रविवार की संध्या बेला में शांतिनाथ दिगंबर जैन पाठशाला के बच्चों द्वारा कालचक्र के बारे में प्रस्तुति दी गई। जिसमें छोटे-छोटे बच्चे कालचक्र के बारे में बता रहे थे तो हर कोई उनकी प्रस्तुति एवं ज्ञान को देखकर गदगद हो गया। समारोह का संचालन प्रशांत जैन आचार्य द्वारा किया गया। इसी आयोजन के तहत भगवान आदिनाथ के द्वारा असि, मसि, कृषि , विद्या, वाणिज्य, शिल्प ये षट्विद्या के उपदेश को भी नाटक के द्वारा समझाया गया। आयोजन के क्रम में सर्वप्रथम पंच परमेष्ठी को नमन करते हुए मंगलाचरण की प्रस्तुति दी गई। सभी प्रस्तुतियां शिक्षाप्रद रही। छोटी-छोटी बालिकाओं द्वारा हे शुभारंभ हो शुभारंभ मंगल बेला आई नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत अनंतमति नाटिका की प्रस्तुति दी गई एवं इसमें बताया गया कि नियम संयम संकल्प शक्ति कितनी बड़ी होती है एवं शील एवं संयम के विषय में बताया यह शिक्षा प्रस्तुति सभी के द्वारा सराही गई एवं सभी प्रस्तुतियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। संपूर्ण कार्यक्रम का निर्देशन श्रीमती कनकमाला जैन द्वारा किया गया।बच्चों द्वारा दिए गए कार्यक्रम में पूरा पंडाल खचाखच भरा हुआ था। ऐसी प्रस्तुतियां निश्चित रूप से समाज के लिए एक आदर्श स्थापित करती हैं।

मंगलवार की मंगल बेला में सिद्ध चक्र महामंडल विधान की समापन की बेला में हवन पूर्णाहुति एवं श्रीजी की भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर निकाली जाएगी इस भव्य आयोजन के आयोजनकर्ता दिलीप कुमार, अरुण कुमार, कमलकुमार, संजय विनायका एवं समस्त विनायका परिवार ने सभी से आयोजन में शामिल होने की अपील की है। **-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

# प्रदेश स्तर पर निर्वाचन अधिकारियों की हुई नियुक्ति

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रैवार्षिक चुनाव वर्ष 2025 के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी श्री शिवराज भंसाली द्वारा अपने सभी निर्वाचन अधिकारियों के साथ गुरूवार, दिनांक 6 फरवरी 2025 की बैठक में प्रदेश स्तर के मतदान केन्द्र एवं क्षेत्रीय निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति की गई।

उक्त आशय कर जानकारी देते हुए निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचन्द गोलछा ने बताया कि मुख्य चुनाव अधिकारी श्री शिवराज भंसाली ने अपने सहयोगी निर्वाचन अधिकारियों से विचार-विमर्श कर अंबिकापुर में भी मतदान केन्द्र बनाये जाने का निर्णय लिया। इस तरह अब 10 चरणों में मतदान होंगे व मतदान कराने हेतु सहयोगी के रूप में निम्नानुसार निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति की गई एवं आवश्कतानुसार और भी निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति की जावेगी।

अंबिकापुर- श्री बाबूलाल अग्रवाल, श्री राजेश सोनी। बिलासपुर- श्री छेदीलाल सराफ, श्री घनश्याम दास लालवानी (सी.ए.), श्री अजय सराफ। रायगढ़- श्री बाबूलाल अग्रवाल (एडवोकेट), श्री राजेश अग्रवाल। मनेन्द्रगढ़- श्री रमेशचन्द्र सिंग (अधिवक्ता)। धमतरी- श्री निर्मल बरड़िया, श्री अर्जुन जैसवानी, श्री राजेन्द्र सिंह छाबड़ा। राजनांदगांव- श्री योगेश खत्री। भिलाई- श्री गिरीश बंसल, श्री शिवराज शुक्ला, श्री बंशी अग्रवाल, श्री देवेन्दर भाटिया, श्री दिलीप अग्रवाल की नियुक्ति की गई।

निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचन्द गोलछा ने आगे बताया कि वर्तमान में प्रदेश स्तर पर दस मतदान केन्द्र बनाये गये हैं, यथा- अंबिकापुर, मनेन्द्रगढ़, धमतरी, रायगढ़, बिलासपुर, राजनांदगांव तथा, भिलाई एवं रायपुर में दो चरणों में मतदान होंगे। साथ ही अंबिकापुर एवं मनेन्द्रगढ़ में निर्वाचन अधिकारी अनिल कुचेरिया द्वारा मतदान स्थल का निरीक्षण किया गया।

# पिछले साल की तुलना में अब तक 20312 व्हीकल्स हुए रजिस्टर्ड



- ऑटो एक्सपो का दिलकश नजारा लुभा रहा, ओड़ीसा के डीलर्स पहुंचे विजिट पर
- टैक्स कलेक्शन ने भी बनाया रिकार्ड, अब तक 215 फीसदी की ग्रोथ
- लेटेस्ट फीचर्स के साथ न्यू टीवीएस जुपिटर की हुई शानदार लॉचिंग

**रायपुर (विश्व परिवार)।** देश के ऑटोमोबाइल्स इंडस्ट्रीज में रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान पर आयोजित राडा के ऑटो एक्सपो ने अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज करा दी है। इसका अनुभव साझा करने आज पड़ोसी राज्य ओड़ीसा के ऑटोमोबाइल्स डीलर्स पहुंचे, राडा पदाधिकारियों ने उनका स्वागत करते हुए ऑटो एक्सपो आयोजन की पूरी जानकारी उन्हें प्रदान की। रात के समय एक्सपो स्थल का खूबसूरत नजारा देखकर वे गदगद हो गए। इतना विहंगम दृश्य और एक ही जगह पर सौ से अधिक ब्रांड की मौजूदगी, दो सौ से अधिक स्टाल के साथ शानदार कारोबार वह भी 50 फीसदी आजीवन रोड टैक्स पर छूट के साथ,इससे अच्छा तो और कुछ हो ही नहीं सकता। पिछले साल की तुलना में अब तक (9 फरवरी तक) 20312 व्हीकल्स रजिस्टर्ड हो चुके हैं। टैक्स कलेक्शन ने भी बनाया रिकार्ड, अब तक 215 फीसदी की ग्रोथ मिल चुकी है। लेटेस्ट फीचर्स के साथ न्यू टीवीएस जुपिटर की आज शानदार लॉचिंग हुई।

रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) के अध्यक्ष श्री रविन्द्र भसीन,उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया ने बताया कि पच्चीस दिन का कारवां पूरा हो चुका है। 15 जनवरी से प्रारंभ हुआ ऑटो एक्सपो और 9 फरवरी तक की स्थिति में पिछले साल के एक्सपो से आकलन करें तो शानदार रिस्पांश मिला है। रिबेट और गैर रिबेट मिलाकर पिछले साल 24 में 8342 वाहन रजिस्टर्ड हुए थे जब इस साल 25 में 20312 वाहन रजिस्टर्ड हो चुके हैं जो कि 143 फीसदी का ग्रोथ दर्शाता है। वहीं टोटल व्हीकल्स टैक्स कलेक्शन पिछली बार 246226077 रूपए था जो इस बार 775753046 रुपए पहुंच चुका है। मतलब 215 फीसदी का ग्रोथ है।

**लेटेस्ट फीचर्स के साथ न्यू टीवीएस जुपिटर की हुई शानदार लॉचिंग :** राडा के उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी ने बताया कि न्यू लॉचिंग की श्रृंखला में सोमवार को ऑटोमोबाइल्स सेक्टर की अग्रणी टीवीएस मोटर ने न्यू टीवीएस जुपिटर लॉच किया। आकर्षक लुक, लेटेस्ट फीचर्स, अच्छी माइलेज के साथ चलाने में भी मजेदार है यह स्कूटर। इनकी खूबियां अन्य समकक्ष की तुलना में इन्हे कहीं बेहतर साबित करती है। टीवीएस मोटर कंपनी ने स्कूटर सेगमेंट में जुपिटर के जरिये एक ऐसा प्रोडक्ट आम लोगों को दिया है, जो रोजमर्रा के कामों के साथ ही सफर के दौरान हर मोड़ पर कामयाब है। यह लुक-फीचर्स और सेफ्टी के साथ ही पावर और माइलेज के मामले में भी बेहतर है। इसका डॉन ब्लू मैट कलर बेहद आकर्षक है। यह स्कूटर गैलेक्टिक कॉपर मैट और स्टारलाइट ब्लू गॉस समेत और भी कलर ऑप्शन में है। यह फर्स्ट इन सेगमेंट मेटल मैक्स बॉडी वाला स्कूटर है। टीवीएस मोटर कंपनी ने अपने नए जुपिटर में कई शानदार फीचर्स दिए हैं और ये खूबियां ग्राहकों के लिए जरूरी होने के साथ ही सुविधाजनक भी हैं। इसमें काफी सारे सेगमेंट-फर्स्ट फीचर्स भी हैं, जिनमें फ्रंट फ्यूल फिल, ऑल-इन-वन लॉक और पेटेंटेड ई-जेड सेंटर स्टैंड समेत कई अन्य हैं। इस स्कूटर में डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिया गया है, जो स्पीड, माइलेज, फ्यूल लेवल समेत काफी सारी और भी जानकारियां दिखाता है। स्कूटर को आपके स्मार्टफोन से ब्लूटूथ के जरिये कनेक्ट कर आप रियल टाइम में कॉल और मैसेज अलर्ट के साथ ही नैविगेशन असिस्ट की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। नए टीवीएस जुपिटर में एक यूएसबी चार्जिंग पोर्ट भी दिया गया है, जिससे आप अपने स्मार्टफोन को चार्ज कर सकते हैं।

**महिन्द्रा के ई कार को देखने स्टाल पर पहुंचते रहे लोग :** ऑटो एक्सपो में महिंद्रा कंपनी ने संडे को महिन्द्रा एक्सईवी 9 ई और महिन्द्रा बीई 6 ई कार लॉन्च किया था। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत व पूर्व विधायक श्री राजकमल सिंघानिया, मनीषराज सिंघानिया, ऋषिराज सिंघानिया, कंपनी के अधिकारी व राडा मेंबर्स की गरिमामय उपस्थिति में इसे लॉच किया गया था। बेहतरीन खूबियों वाली इस ई कार को देखने के लिए आज भी काफी संख्या में लोग उत्सुकतावश स्टॉल पर पहुंचते रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध रुप से शराब बिक्री कर रहे आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई

**धमतरी(विश्व परिवार)।** धमतरी पुलिस द्वारा लगातार अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर की जा रही है वैधानिक कार्रवाई के चलते पुलिस चौकी बिरेझर को मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम अंवरी में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा हैं की सूचना के आधार पर ग्राम अंवरी में बिरेझर पुलिस द्वारा शराब रेड कार्रवाई कर आरोपी कोमल जांगड़े पिता स्व.अर्जुन जांगड़े उम्र 48 वर्ष साकीन कोड़ापार के कब्जे से थैले के अंदर 17 पौवा देशी मशाला शराब प्रत्येक में 180%80 एम. एल.भरी हुई कुल 03 लीटर 60 बल्क लीटर कीमती 1870 रूपये एवं बिक्री रकम 180 रुपये जुमला रकम 2050 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध चौकी बिरेझर थाना कुरूद में धारा 34 (1)(ख) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म कर बनाया वीडियो, तीन गिरफ्तार

**कांकेर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म कर उसका अश्लील वीडियो बनाया गया। आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी दी और डेढ़ महीने तक दुष्कर्म करता रहा। इतना ही नहीं, आरोपी ने पीड़िता से 6 हजार रुपए भी ऐंठ लिए। घटना पखांजूर थाना क्षेत्र की है। आरोपियों के ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर नाबालिग ने इसकी जानकारी मां को दी। नाबालिग की मां ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिसमें एक नाबालिग है। इनमें एक मुख्य आरोपी और 2 सहयोगी है। जानकारी के मुताबिक मुख्य आरोपी महेन्द्र बाइन (20) ने 17 दिसंबर 2024 को नाबालिग को उसके घर से बाइक से यशवंतनगर नदी किनारे ले गया। जहां आरोपी ने जबरन नाबालिग के कपड़े उतरवाकर अश्लील वीडियो बना लिया। फिर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी नाबालिग को वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए लगातार दुष्कर्म करता रहा। आरोपी यही नहीं रुका, अब पीड़िता से रुपए की मांग करने लगा। नाबालिग पीड़िता ने किसी तरह 6 हजार रुपए जुगाड़ कर आरोपी को दिए। इसके बाद आरोपी की डिमांड और बढ़ती गई। इससे परेशान होकर नाबालिग ने घटना की जानकारी अपनी मां को दी। पखांजूर थाने में 7 फरवरी को शिकायत दर्ज करवाई गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 64(1), 351(2), 308(2), 3(5) बीएनएस 4 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। पुलिस ने 8 फरवरी शनिवार के दिन आरोपी को पकड़कर पूछताछ के लिए थाने लेकर आई। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया साथ ही 2 अन्य आरोपियों के घटना को अंजाम देने में सहयोग करना बताया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी महेन्द्र बाइन(20), प्रसंजीत ढाली (20) और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया। सभी आरोपी यशवंत नगर के रहने वाले हैं। पुलिस ने विधिवत कार्रवाई कर सभी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### बर्खास्त बी.एड.प्रशिक्षित शिक्षकों ने मां दंतेश्वरी के दरबार में लगाई गुहार

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर और सरगुजा संभाग में कार्यरत 2900 बी.एड. प्रशिक्षित सहायक शिक्षक, जो हाल ही में बिना किसी गलती के सेवा से बर्खास्त कर दिए गए थे। अपनी सेवा सुरक्षा और समायोजन की प्रार्थना लेकर दंतेवाड़ा स्थित प्रसिद्ध शक्ति पीठ मां दंतेश्वरी के पवित्र दरबार पहुंचे। शिक्षकों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शीघ्र समाधान की मन्नत मांगी और सरकार से जल्द न्याय की अपील की। इस दौरान, मंदिर में आए सैकड़ों श्रद्धालुओं को अपनी समस्या से अवगत कराते हुए शिक्षकों ने बताया कि वे डेढ़ वर्ष से स्कूलों में सेवा दे रहे थे, लेकिन नीतिगत अस्पष्टता के कारण अचानक नौकरी से निकाल दिया गया। शिक्षकों ने श्रद्धालुओं से आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके समर्थन की अपेक्षा की। श्रद्धालुओं ने भी संवेदना व्यक्त करते हुए प्रार्थना की कि सरकार शीघ्र ही इन शिक्षकों के हित में कोई ठोस निर्णय ले। शिक्षकों ने इस अवसर पर प्रसाद वितरण भी किया, जिसमें मंदिर में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को फल, मिठाइयां और अन्य प्रसाद सामग्री वितरित की गई।

### बाल कल्याण समिति की सदस्य पर भाजपा के प्रचार का आरोप

**कोरबा(विश्व परिवार)।** आसन्न नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस लगातार भाजपा पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगा रही है। ताजा मामले में कोरबा के बाल कल्याण समिति की सदस्य श्रीमती उमा भारतीय श्राफ पर भाजपा के पक्ष में प्रचार-प्रसार किए जाने की शिकायत राज्य निर्वाचन आयुक्त से की गई है।

# छात्रावास, आश्रमों में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम व स्वीकृत सीटों पर विद्यार्थियों का शत प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित कराएं: कलेक्टर



**बालोद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि छात्रावास एवं आश्रम समाज के जरूरमंद विद्यार्थियों के लिए संरक्षण स्थली एवं संस्कार भूमि है। उन्होंने कहा कि हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि छात्रावास, आश्रमों में निवासरत सभी विद्यार्थियों को छात्रावास की व्यवस्था का समुचित लाभ मिले। चन्द्रवाल ने आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को जिले के छात्रावास एवं आश्रमों का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के अलावा स्वीकृत सभी सीटों पर विद्यार्थियों को शत प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर चन्द्रवाल आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित आदिम जाति कल्याण विभाग के समीक्षा बैठक में सभी छात्रावास, आश्रमों के अधीक्षक-अधीक्षिकाओं के अलावा विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को उत्ताशय के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने जिले के प्रत्येक छात्रावासों में आवासीय, भोजन, पेयजल, साफ-सफाई, स्वच्छता, स्वास्थ्य परीक्षण, भवन, विद्युत व्यवस्था आदि सभी व्यवस्थाओं की बारी-बारी से समीक्षा की। चन्द्रवाल ने विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को जिले के छात्रावास, आश्रमों में अध्ययन-अध्यापन की बेहतर व्यवस्था के अलावा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अनुकूल परिवेश एवं संसाधनों की उपलब्धता भी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सहित विभाग के अन्य अधिकारियों के अलावा छात्रावास, आश्रमों के अधीक्षक-अधीक्षिका उपस्थित थे। बैठक में चन्द्रवाल ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के आधार पर सभी अधीक्षक-अधीक्षिकाओं से छात्रावास एवं आश्रमों के व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु स्वयं के द्वारा किए गए प्रयासों के संबंध में बारी-बारी से जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम को बेहतर एवं उत्कृष्ट बनाने हेतु किए गए उपायों के अलावा शासन के द्वारा निर्धारित मेन्यू के आधार पर समुचित मात्रा में भोजन एवं नाश्ता प्रदान करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के उपायों के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने बच्चों के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था के अलावा खेलकुद एवं मनोरंजन की समुचित व्यवस्था तथा छात्रावास, आश्रमों की स्वीकृत सीटों में बच्चों की शत प्रतिशत प्रवेश दिलाने हेतु किए गए उपायों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने छात्रावास, आश्रमों के स्वीकृत सीट के आधार पर बच्चों की शत प्रतिशत प्रवेश हेतु समुचित प्रचार-प्रसार के अलावा बच्चों एवं पालकों से मुलाकात कर उन्हें छात्रावास एवं आश्रमों में प्रवेश के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि जिन अधीक्षक-अधीक्षिकाओं के पास एक से अधिक छात्रावास एवं आश्रमों का प्रभार है इन छात्रावास, आश्रमों की व्यवस्था बेहतर ढंग से संचालित हो सके।

# महिलाओं कर्मचारियों को मिली बड़ी जिम्मेदारी संभालेंगी मतगणना की जिम्मेदारी

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** लोकतंत्र के महापर्व में इस बार भी महिला शक्ति की विशेष भूमिका देखने को मिलेगी। आगामी चुनावों में मतगणना की प्रक्रिया को सुचारू और निष्पक्ष रूप से संचालित करने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने महिलाओं को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस एस के मार्गदर्शन में जिले के अंतर्गत नगरीय निकाय आम निर्वाचन के तहत मतगणना कार्य का सम्पादन विधानसभा एवं लोकसभा निर्वाचन की मतगणना की भांति इस बार भी महिला कर्मचारियों के द्वारा किया जाएगा। उक्त मतगणना कार्य को बेहतर ढंग से सम्पादित करने के लिए रविवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में उक्त मतगणना दलों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा मतगणना दलों को मतगणना सम्बन्धी विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि नगर पालिक निगम जगदलपुर आदर्श महाविद्यालय धरमपुरा स्थित मतगणना केन्द्र में और नगर पंचायत बस्तर के निर्वाचन हेतु मतगणना बस्तर डाइट केंद्र में 15 फरवरी को होगी। राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा मतगणना केंद्रों पर मतगणना दलों में महिला कर्मियों को शामिल किया गया है। जिसके तहत मतगणना अधिकारी, मतगणना सहायक और पर्यवेक्षक के रूप में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। जिले में पिछले चुनावों में भी महिला कर्मचारियों ने अपनी कुशलता और निष्ठा से मतगणना प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया था। प्रशासन का मानना है कि महिलाओं की भागीदारी से मतगणना केंद्रों पर अनुशासन और पारदर्शिता बनी रहती है। इस पहल को लेकर मतगणना दलों के महिला कर्मचारियों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। उनका कहना है कि यह जिम्मेदारी उनके आत्मविश्वास को बढ़ाती है और उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को भी दर्शाती है। महिला अधिकारियों के इस बढ़ते दायित्व से यह साफ हो जाता है कि वे प्रशासनिक और तकनीकी कार्यों में समान रूप से दक्ष हैं। आगामी चुनावों में एक बार फिर महिला शक्ति अपनी क्षमता का परिचय देते हुए मतगणना की जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाने के लिए तैयार हैं।

## जिले में भाजपा का चुनावी प्रचार हुआ तेज, सरोज पांडेय ने किया जनसभा को संबोधित



**कोरबा(विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी ने नगर निगम कोरबा में चुनाव प्रचार को और तेज कर दिया है। इसी क्रम में भाजपा की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व सांसद सुश्री सरोज पांडेय ने महापौर प्रत्याशी श्रीमती संजू देवी राजपूत एवं वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद प्रत्याशी नारायण दास महंत, 23 के पार्षद प्रत्याशी गुलजार सिंह, और 24 के पार्षद प्रत्याशी पंकज देवांगन जी के समर्थन में आयोजित चुनावी कार्यक्रम को संबोधित किया। सुश्री सरोज पांडेय भाजपा की कद्दावर नेता, पूर्व सांसद, पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री रह चुकी हैं। वे छत्तीसगढ़ भाजपा की प्रमुख रणनीतिकारों में से एक हैं, जिन्होंने संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अपने ओजस्वी भाषणों और संगठनात्मक क्षमता के लिए पहचानी जाने वाली सुश्री सरोज पांडेय का कोरबा में आगमन कार्यकर्ताओं के लिए उत्साहवर्धक रहा। अपने संबोधन में उन्होंने भाजपा की उपलब्धियों और विकास योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए महापौर प्रत्याशी संजू देवी राजपूत एवं पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में वोट देने अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा जनता की सेवा को प्राथमिकता दी है और कोरबा का समग्र विकास ही पार्टी का संकल्प है। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनता ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## कलेक्टर ने आम नागरिकों को चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील

**जशपुर(विश्व परिवार)।** जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर रोहित व्यास ने आम नागरिकों को आगामी 11 फरवरी 25 को नगरीय निकाय चुनाव में उत्साह से अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए अपील की है। उन्होंने वोट के इस महापर्व में अपनी पूर्ण सहभागिता निभाकर पर्व को सफल बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की प्रगति और विकास में आपकी भूमिका जरूरी है। चुनाव में वोट डालकर अपना कर्तव्य जरुर निभाएं यह आपका लोकतांत्रिक अधिकार है और कर्तव्य भी। कृपया अपने मताधिकार का उपयोग करके अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। जाबो कार्यकम के नोडल अधिकारी अभिषेक कुमार के दिशा निर्देश में नगरीय निकाय निर्वाचन की तैयारी शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जा रही है। मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विश्वास राव मस्के ने बताया कि जिले में नगरीय निकाय चुनाव 11 फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदाता मतदान कर सकेंगे। जशपुर जिले में कुल 84 मतदान केंद्र बनाया गया है।

# मतदान दलों को मिला सामग्री वितरण तथा वापसी के संबंध में प्रशिक्षण



**महासमुंद(विश्व परिवार)।** नगरीय निकाय निर्वाचन अंतर्गत नगरपालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों का निर्वाचन 11 फरवरी को होने वाला है। जिसके लिए मतदान दलों को सामग्री वितरण 10 फरवरी को सुबह 7 बजे से जिले के सभी 6 नगरीय निकायों में किया जाना है । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के आदेशानुसार मतदान दलों को सामग्री वितरण करने तथा मतदान समाप्ति के पश्चात सामग्री वापस जमा करने के लिए दलों का गठन किया गया है। इन दलों को सामग्री वितरण तथा वापसी के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया । नोडल अधिकारी प्रशिक्षण नंदकिशोर सिन्हा तथा जिले के मुख्य मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी द्वारा महासमुन्द के वेडनर मेमोरियल स्कूल में आयोजित प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मतदान दलों को सामग्री देते समय तथा वापस लेते समय पर्याप्त सावधानी बरतनी चाहिए।

# कांग्रेस में गुटबाजी, चुनाव में अध्यक्ष और पार्षद प्रत्याशी अकेले पड़े

### बड़े चेहरे भी नही आए नजर, संगठन भी हुआ किनारे



**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** लोकसभा और विधानसभा चुनाव में हार के बाद भी कांग्रेस में गुटबाजी खत्म नहीं हुई। नगर पालिका चुनाव में भी यही हाल है। पार्टी के कई नेता बागी होकर मैदान में हैं। कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए मुश्किलें बढ़ गई हैं। संगठन पूरी तरह नदारद है। अध्यक्ष और 15 वार्डों के प्रत्याशी अकेले पड़ गए हैं। पूर्व विधायक अमितेश शुक्ला गरियाबंद का दौरा कर रहे हैं, लेकिन गुटबाजी पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने भी संगठन की तरह जिम्मेदारी से किनारा कर लिया है। भाजपा ने इसे कांग्रेस की स्वाभाविक हार बताया। निकाय प्रभारी किशोर महानंद ने कहा कि कांग्रेस की गुटबाजी से जनता पहले ही नाराज है। इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो जाएगी।

**भाजपा ने रूठों को मनाया, कांग्रेस नाकाम :** टिकट वितरण के बाद भाजपा ने नाराज नेताओं को मना लिया। प्रशांत मानिकपुरी, गफ्फू मेमन, आसिफ मेमन और आशीष शर्मा को टिकट नहीं मिला, लेकिन वे अब पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जुटे हैं। दूसरी ओर, कांग्रेस में स्थिति उलट है। टिकट नहीं मिलने से ऋतिक सिन्हा अपने वार्ड में सिमट गए और वार्ड 15 से (निर्दलीय) चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों को अपनी सीट बचाने की चुनौती है। कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी गैंदलाल सिन्हा को संगठन से कोई मदद नहीं मिल रही। कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी भी उनके साथ एकजुट नहीं हैं। जनता के मन में सवाल उठ रहा है कि जो पार्टी अपना घर नहीं संभाल पा रही, वह नगर कैसे संवारेगी?

**पार्षद प्रत्याशियों के लिए भी राह मुश्किल :** कांग्रेस की गुटबाजी कई वार्डों में हार की वजह बन सकती है। पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों को भाजपा से ज्यादा अपने ही बागियों से चुनौती मिल रही है। वार्ड 1, 2, 4, 12, 13, 14 और 15 में कांग्रेस के 12 बागी मैदान में हैं। इनमें वार्ड 1 से विकास यादव, वार्ड 2 से निरंजन प्रधान और घनश्याम यादव, वार्ड 4 से ज्योति साहनी, गीता जगत और झरोखा सोरी, वार्ड 12 से पुरुषोत्तम यादव, वार्ड 13 से मुकेश भोई और जीवेश सिन्हा, वार्ड 14 से उर्वशी सोनी और योगिता सिन्हा, वार्ड 15 से ऋतिक सिन्हा शामिल हैं। इनमें ऋतिक सिन्हा और ज्योति साहनी पहले पार्षद रह चुके हैं। गीता जगत, घनश्याम यादव और पुरुषोत्तम यादव का नाम अंतिम समय में काट दिया गया। अब यही नेता कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के लिए मुश्किल खड़ी कर रहे हैं। भाजपा को इसका सीधा फायदा मिल रहा है। बागी जीतने की स्थिति में नहीं हैं, लेकिन कांग्रेस के वोट काट रहे हैं। इससे कांग्रेस का पूरा समीकरण बिगड़ गया है। अगर यही स्थिति बनी रही तो इन वार्डों में कांग्रेस की जीत मुश्किल हो जाएगी।

**चुनाव प्रचार में भी नहीं दिखे बड़े चेहरे :** प्रचार प्रसार में भी कांग्रेस बीजेपी की तुलना में अब तक पीछे रही। कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने ना पार्टी संगठन सामने आया ओर ना पार्टी के कोई बड़े नेता कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार प्रसार करने गरियाबंद पहुंचे। वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी से सांसद रूप कुमारी चौधरी और विधायक रोहित साहू लगातार प्रचार प्रसार में सक्रिय रहे। विधायक ने शहर के अलग-अलग कई वार्ड में घूम-घूम कर प्रचार प्रसार किया वहीं सांसद ने भी नगर के अलग-अलग वार्डों में सभाएं की। भाजपा का संगठन भी चुनाव में दमदारी से जुटा है। इसके उलट कांग्रेस में केवल अमितेश शुक्ल ही एक दो बार चुनाव प्रचार के लिए गरियाबंद पहुंचे। बीच में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू के गरियाबंद आने की चर्चा हुई लेकिन वह भी नहीं आए। देखा जाए तो चुनाव प्रचार में भी कांग्रेस बीजेपी से पीछे रहें।

## व्यापार समाचार

### सैमसंग गैलेक्सी S25 सीरीज़ ने मचाया तहलका, रिकॉर्ड प्री-ऑर्डर के साथ ग्राहकों में जबरदस्त उत्साह!

**गुरुग्राम:** भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने घोषणा की है कि उसकी नई फ्लैगशिप गैलेक्सी एस25 सीरीज़ को भारतीय उपभोक्ताओं से जबरदस्त समर्थन मिला है। इस सीरीज़ के लिए अब तक 4,30,000 से अधिक प्री-ऑर्डर मिल चुके हैं, जो पिछले साल की गैलेक्सी एस24 सीरीज़ की तुलना में 20त्न अधिक हैं। यह बढ़ती मांग सैमसंग के प्रति उपभोक्ताओं के विश्वास और एडवांस टेक्नोलॉजी के प्रति उनकी रुचि को दर्शाती है। सैमसंग इंडिया के एमएक्स डिवीजन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट राजू पुलन ने कहा कि गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस25+ और गैलेक्सी एस25 स्मार्टफोन ने स्मार्टफोन अनुभव को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। गैलेक्सी एआई के साथ ये डिवाइस पहले से कहीं अधिक नैचुरल और कॉन्टेक्स्ट-अवेयर मोबाइल अनुभव प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि युवा तकनीक-प्रेमी उपभोक्ताओं के बीच इस सीरीज़ की जबरदस्त मांग देखी गई है, खासकर वे उपभोक्ता जो एआई टेक्नोलॉजी का उपयोग करना पसंद करते हैं। इस साल सैमसंग ने अपने फ्लैगशिप डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को बढ़ाकर 17,000 आउटलेट तक पहुंचाया है, जिससे छोटे शहरों में भी ग्राहकों की जरूरतें पूरी की जा सकेंगी। गैलेक्सी एस25 सीरीज़ की सफलता इस बात को साबित करती है कि उपभोक्ता ऐसे एआई समाधानों को तेजी से अपना रहे हैं, जो उनके रोजमर्रा के जीवन को आसान बनाते हैं। खासतौर पर भारतीय उपभोक्ताओं के लिए, गैलेक्सी एस25 सीरीज़ में गूगल का जेमिनी लाइव पहले से ही हिंदी में उपलब्ध होगा। यह इस बात का संकेत है कि भारत सैमसंग के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण बाजार है।

### वी, ब्लू रिब्बन बैग्स के साथ साझेदारी में अपनी सभी पोस्टपेड इंटरनेशनल रोमिंग पैक्स पर लाया बैगेज प्रोटेक्शन की सुविधा

**मुंबई :** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने अपने सभी पोस्टपेड इंटरनेशनल रोमिंग पैक्स में बैगेज प्रोटेक्शन सर्विसेज़ शामिल कर अपनी इंटरनेशनल रोमिंग पेशकश को और बेहतर बना लिया है। यूएस आधारित प्रमुख लॉस्ट बैगेज कंसीयज सर्विस ब्लू रिब्बन बैग्स के साथ साझेदारी के माध्यम से वी के पोस्टपेट उपभोक्ता प्रति बैग पर रु 19800 का मुआवज़ा पा सकते हैं, अगर शिकायत दर्ज करने के 96 घण्टे बाद भी उन्हें लगेज उन्हें नहीं मिलता है या खो जाता है। बहुत से यात्रियों के लिए बैगेज खो जाना या देर से मिलना, तनावपूर्ण अनुभव होता है, ऐसे में उनकी यात्रा का पूरा मज़ा खराब हो जाता है। 2024 की सीआईटीए रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में 36 मिलियन से अधिक बैग्स सही तरीके से हैंडल नहीं किए गए, जो बैगेज की सुरक्षा के बारे में बढ़ती चिंता को दर्शाता है। महामारी के बाद विदेश जाने वाले भारतीय यात्रियों की संख्या तेज़ी से बढ़ी है, ऐसे में बैगेज के लिए अतिरिक्त सुरक्षा सुनिश्चित करना ज़रूरी हो गया है। वी के द्वारा पेश की गई बैगेज प्रोटेक्शन सर्विस बैगेज मिलने में देरी या बैगेज खो जाने के मामले में उपभोक्ता को सुरक्षा प्रदान करती है, और उनकी यात्रा के अनुभव को चिंतामुक्त बना देती है। वी के पोस्टपेड उपभोक्ता कोई भी इंटरनेशनल रोमिंग पैक खरीदते समय बैगेज प्रोटेक्शन सर्विस को एक्टिवेट कर सकते हैं। यह फायदा ऑप्शनल है और मात्र रु 99 की अतिरिक्त लागत पर इसे पैक के साथ एक्टिवेट किया जा सकता है। अगर बैगेज खो जाए या बैगेज मिलने में देरी हो तो वी ऐप के ज़रिए क्लेम रिक्वेस्ट कर सकते हैं। इस सर्विस का लाभ उठाने के लिए उन्हें उड़ान से पहले ब्लू रिब्बन बैग्स के साथ रजिस्टर करना होगा। अगर एयरलाईन की ओर से बैगेज मिलने में देरी होती है या बैगेज खो जाता है, तो वे लैंडिंग के 24 घण्टे के भीतर एयरलाईन और ब्लू रिब्बन बैग्स दोनों को रिपोर्ट कर सकते हैं। इसके बाद ब्लू रिब्बन बैग्स ग्लोबल नेटवर्क और आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग कर लगेज को ट्रैक करता है और इसे वापस यात्री तक पहुंचाने का प्रयास करता है। अगर चार दिनों के भीतर भी बैगेज रिटर्न नहीं किया जाता है, तो ब्लू रिब्बन बैग बिना कोई सवाल पूछे प्रति बैग पर रु 19800 (दो बैग्स तक के लिए) का मुआवज़ा देगा।

### हवा में रोमांस घुल रहा है! कलर्स के कलाकारों ने अपने वैलेंटाइन डे प्लान साझा किए

**मुंबई।** कलर्स के 'राम भवन' में गायत्री की भूमिका निभा रही समीक्षा जायसवाल ने कहा, मेरे करीबी लोगों को इस दिन को मनाते हुए और छोटी-छोटी चीजें करके खुशी फैलाते हुए देखने का अनुभव वाकई लाजवाब है। यह प्यार की ताकत का जश्न मनाने का एक और मौका है। मेरे लिए मेरा परिवार और दोस्त ही सब कुछ हैं। वे हमेशा मेरे लिए मौजूद रहे हैं, चाहे कुछ भी हो, मुझसे प्यार करते हैं। तो, यह दिन उनके लिए समर्पित है। वे मेरे लिए बहुत मायने रखते हैं, और मैं हर दिन उनसे मिलने वाले प्यार और समर्थन के लिए आभारी हूं। किसी भी कलाकार के लिए उनके सच्चे वैलेंटाइन उनके फैंस होते हैं, और मेरे लिए, वे परिवार बन गए हैं। राम भवन के दर्शकों ने मुझे गायत्री के रूप में अपनाया है, और मैं वास्तव में उनके प्यार के लिए आभारी हूं! मैं सभी को वैलेंटाइन दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती हूं! कलर्स के 'मंगल लक्ष्मी' में अदित की भूमिका निभा रहे नमन शॉ कहते हैं, मेरा हमेशा से मानना रहा है कि जो लोग हमारे लिए वाकई मायने रखते हैं, उनके साथ समय बिताने की खुशी की तुलना किसी और चीज से नहीं की जा सकती। मेरे लिए, वैलेंटाइन डे केवल भव्य भावों के बारे में नहीं है, यह मेरे जीवन को सहारा देने वाले प्यार को संजोने का पल है। मेरी पत्नी और बच्चा मेरी दुनिया हैं, मेरी ताकत हैं, और हर चुनौती में मेरा मार्गदर्शन करने वाली रोशनी हैं। प्यार, अपने शुद्धतम रूप में, एक अजेय शक्ति है। यह पोषण करता है, हमारे ज़ख्म भरता है, और सशक्त बनाता है। जब किसी रिश्ते की जड़ें प्यार से जुड़ी होती हैं, तो वह हर तूफान का सामना कर लेती हैं। मंगल लक्ष्मी में, मेरा किरदार और मंगल अलग हो गए हैं, क्योंकि उनके बीच प्यार ही नहीं था। यह याद दिलाता है कि प्यार वह नहीं है जो दर्द का कारण बने, बल्कि प्यार का न होना ही दर्द का कारण बनता है।



# सिंधु हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप से बाहर

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता शटलर पीवी सिंधु 11-16 फरवरी तक चीन के क़िंगदाओ में खेली जाने वाली बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप (बीएएमटीसी) के लिए भारत की टीम का हिस्सा नहीं होंगी। सिंधु ने खुलासा किया कि उन्हें हैमस्ट्रिंग की चोट लगी है, जिसे ठीक होने में उम्मीद से ज़्यादा समय लगेगा। सिंधु ने एक्स पर लिखा, मैं भारी मन से यह साझा कर रही हूं कि मैं बीएएमटीसी 2025 के लिए टीम के साथ यात्रा नहीं करूंगी। 4 तारीख को गुवाहाटी में प्रशिक्षण के दौरान, मुझे अपनी हैमस्ट्रिंग में दर्द महसूस हुआ। अपने देश के लिए भारी भरकम टेपिंग के साथ आगे बढ़ने के मेरे प्रयासों के बावजूद, एमआरआई से पता चला है कि मुझे ठीक होने में शुरू में जितना मैंने सोचा था, उससे थोड़ा ज़्यादा समय लगेगा। उन्होंने कहा, टीम को शुभकामनाएं। मैं बाहर से उत्साहवर्धन करूंगी। भारत ने बीएएमटीसी के पिछले संस्करण में कांस्य पदक जीता था, जिसमें सिंधु ने टीम में अहम भूमिका निभाई थी। इस साल एक बार फिर महिला एकल में उनसे ही बढ़त लेने की उम्मीद थी। हालांकि, इंडिया ओपन से पहले सिंधु ने इस बात पर जोर दिया था कि इस साल उनका एक मुख्य लक्ष्य चोट से मुक्त रहना है। सिंधु के न होने की वजह से महिला एकल की जिम्मेदारी मालविका बंसोड़ पर आने की संभावना है, जो वर्तमान में विश्व रैंकिंग में भारत की दूसरे नंबर की खिलाड़ी हैं। यह अभी भी अनिश्चित है कि सिंधु के स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी को चुना जाएगा या नहीं। भारत को बीएएमटीसी के ग्रुप डी में 2023 के उपविजेता दक्षिण कोरिया और मकाऊ के साथ रखा गया है। टीम 12 फरवरी को मकाऊ के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, उसके बाद 13 फरवरी को चीन के क़िंगदाओ में कॉन्सन जिमनैजियम में दक्षिण कोरिया के खिलाफ अहम मुकाबला होगा।

## मुंबई इंडियंस ने फ्रेंचाइजी लीग में जीती 11वीं ट्रॉफी, प्राइज मनी में मिले करोड़ों रुपये

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** मुंबई इंडियंस का एक बार फिर बोलबाला देखने को मिला, जब उन्होंने एसए20 लीग के फाइनल मुकाबले में सनराइजर्स ईस्टर्न केप को हराकर खिताबी जीत दर्ज कर ली. मुंबई को इस खिताबी जीत के लिए करोड़ों रुपये की प्राइज मनी मिली. 2008 में शुरू हुई आईपीएल की तर्ज पर अब दुनियाभर में टी-20 लीग खेली जाती हैं. जहां, आईपीएल के कई मालिकों ने फ्रेंचाइजी खरीदी हुई हैं. एसए20 लीग में मुंबई इंडियंस ने भी हिस्सा लिया, जहां मुंबई इंडियंस ने खिताबी जीत दर्ज की. आपको बता दें, ये मुंबई की कुल 11वीं ट्रॉफी रही. जी हां, एमआई दुनियाभर की फ्रेंचाइजी लीगों में ना केवल हिस्सा ले रही है बल्कि खिताबी जीत भी दर्ज कर रही है. जहां, 5 ट्रॉफी आईपीएल में जीती है, 2 चैंपियंस लीग, 1 डब्ल्यूपीएल, 1 एमएलसी और आईएटी में जीती है. एमआई केपटाउन और सनराइजर्स ईस्टर्न के बीच खेले गए मुकाबले में राशिद खान की कप्तानी में जीत दर्ज की. एमआई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 181/8 रन बोर्ड पर लगाए. देखा जाए तो ग्रैंड फिनाले में मुंबई के किसी भी बल्लेबाज ने फिफ्टी भी नहीं लगाई, लेकिन टीम प्रदर्शन के चलते ये टीम 182 रनों का लक्ष्य खड़ा करने में कामयाब रही. एमआई के दिए टारगेट का पीछा करने उतरी सनराइजर्स की टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और 105 पर ही ऑलआउट हो गई. इस तरह मुंबई ने 76 रनों से जीत हासिल कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली. एसए20 लीग की चैंपियन टीम एमआई केपटाउन पर पैसों की बारिश हुई. साउथ अफ्रीकी मुद्रा में 34 मिलियन रैंड मिले होंगे, जो भारतीय रुपये में 16 करोड़ 20 लाख रुपये के बराबर है. वहीं उपविजेता रही सनराइजर्स ईस्टर्न को 7.75 करोड़ रुपये मिले होंगे. तीसरे नंबर वाली टीम को करीब 4.24 करोड़ रुपये और चौथे नंबर वाली टीम को 3.74 करोड़ रुपये प्राइज मनी के तौर पर मिलेंगे. यानी कुल मिलाकर इस लीग में 70 मिलियन रैंड यानी करीब 33.36 करोड़ रुपये की प्राइज मनी रखी गई थी.

## मुंबई ओपन: इस बार हमने अपना स्तर बढ़ाया है: एकमात्र भारतीय फाइनलिस्ट प्रार्थना

**मुंबई( एजेंसी )।** मुंबई ओपन 2025 डब्ल्यूटीए 125 सीरीज के फाइनल में पहुंचने वाली एकमात्र भारतीय प्रार्थना थोम्ब्रे अपनी युगल जोड़ीदार एरियन हार्टोनो के साथ रविवार को मुंबई के सीसीआई में रूसी जोड़ी एलेना प्रिडांकिना और अमीना अंशबा से भिड़ेंगी। प्रार्थना और एरियन पिछले संस्करण के दौरान भी युगल में फाइनल में पहुंची थीं, हालांकि, वे सीधे सेटों में दलिला जकुपोविच और सबरीना सांतामारिया से हार गईं। हालांकि, इस बार यह जोड़ी अंतिम मुकाबले में आत्मविश्वास से भरी दिख रही है। प्रार्थना ने कहा, अब तक का सफर पिछले साल जैसा ही रहा है, लेकिन बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के साथ इस बार स्तर



निश्चित रूप से बहुत कठिन हो गया है। लेकिन हमने भी अपना स्तर बढ़ाया है और हम इस बार इसे जीतने की कोशिश करेंगे। इंडो-डच जोड़ी ने टूर्नामेंट के शुरुआती चरणों में आरामदायक जीत हासिल की, लेकिन सेमीफाइनल में उनके लिए यह एक करीबी मुकाबला था। एडेन सिल्वा और अनस्तासिया तिखोनोवा के खिलाफ यह एक कड़ा मुकाबला था, जिसमें दो सेट के बाद स्कोर बराबर था। हालांकि, टाई-ब्रेकर में, प्रार्थना ने डबल्स में अपने अपार अनुभव का इस्तेमाल किया और अंतिम सेट में 10-2 से जीत हासिल की। भारत में खेलने के अपने अनुभव को साझा करते हुए, प्रार्थना ने कहा, हमारे 90 प्रतिशत टूर्नामेंट विदेश में होते हैं, इसलिए अपने दर्शकों के सामने खेलना अच्छा लगता है। घर पर खेलना बहुत खास होता है। एरियन और प्रार्थना ने एक साथ खेलते हुए शानदार तालमेल बनाया है और यह कोर्ट के बाहर उनके बंधन में भी झलकता है। अपनी पार्टनर के बारे में टिप्पणी करते हुए, एरियन ने कहा, उसके (प्रार्थना) साथ यहां रहना हमेशा एक सम्मान की बात है।

# नया इनकम टैक्स बिल संसद में अगले हफ्ते पेश होने की उम्मीद : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आने वाले हफ्ते में नया इनकम टैक्स बिल पेश किया जाएगा, जो जांच के लिए संसद की वित्त संबंधी स्थायी समिति के पास जाएगा। आम आदमी के हाथ में अधिक पैसा छोड़ने और नियमों के सरलीकरण के लिए लाया जा रहे नए इनकम टैक्स बिल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में मंजूरी मिल गई है। बजट के बाद की बैठक में रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल को संबोधित करने के बाद मीडिया से बातचीत में वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि जब सारी प्रक्रिया पूरी हो जाएगी



और संसद इसे पारित कर देगी, तब सरकार तय करेगी कि नया कानून कब लागू किया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा, मुझे उम्मीद है कि इसे आने वाले हफ्ते में लोकसभा में पेश किया जाएगा। प्रक्रिया यह है कि समिति अपनी सिफारिश देती है, वह वापस आती है और फिर सरकार कैबिनेट के माध्यम से निर्णय लेती है कि क्या ये संशोधन किए जाने हैं। उन्होंने आगे कहा, इसके बाद ही यह फिर से संसद में जाता है। एक बार जब संसद पारित हो जाता है, तब वे निर्णय लेते हैं कि इसे कब लागू करना सबसे अच्छा रहेगा। कैबिनेट द्वारा नए इनकम टैक्स बिल को मंजूरी दिए जाने से पहले इस मामले से जुड़े लोगों ने कहा था कि केंद्रीय बजट में इनकम टैक्स छूट की सीमा 12 लाख रुपये तक बढ़ाए जाने के बाद कर आधार में कमी को देखते हुए, नया कानून संभवतः कर दायरे को बढ़ाने के लिए दिशा-निर्देश प्रदान करेगा। सूत्रों का कहना है कि मौजूदा इनकम टैक्स एक्ट 1961 में लागू हुआ था। नया इनकम टैक्स बिल 21वीं सदी के मुताबिक होगा और मौजूदा कानून को रिप्लेस करेगा। सूत्रों की मानें तो नए इनकम टैक्स बिल में सरकार ने भाषा को सरल बनाने पर काम किया है। दरअसल अभी जो इनकम टैक्स एक्ट है उसमें एक कोट में किसी चीज की व्याख्या अलग होती है, दूसरे में अलग। यानी यह कानून पूरी तरह से खिचड़ी की तरह बन गया है। इस बिल के सरलीकरण को ऐसे समझा जा सकता है कि पुराने आयकर कानून में लगभग 6 लाख के करीब शब्द हैं जो इस नए बिल में 3 लाख के करीब रह जाएंगे और यह करदाताओं को समझने के लिए भी आसान होगा।

### कोयला आयात कम करना, घरेलू उत्पादन बढ़ाने पर मुख्य फोकस : मंत्री रेड्डी

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारत सरकार ने एक बार फिर दोहराया है कि कोयले के आयात को कम करना और घरेलू उत्पादन बढ़ाना उसकी प्राथमिकता है। कोयला क्षेत्र भारत की ऊर्जा सुरक्षा का महत्वपूर्ण आधार है और देश के औद्योगिक व आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभाता है। भारत के पास दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार है और यह कोयले का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। देश की कुल ऊर्जा जरूरतों का 55 प्रतिशत कोयले से पूरा होता है। देश में लगभग 74 प्रतिशत बिजली उत्पादन ताप विद्युत संयंत्रों (थर्मल पावर प्लांट) पर निर्भर है। इसलिए एक मजबूत और टिकाऊ कोयला क्षेत्र की जरूरत बनी रहती है, यह बात कोयला एवं खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कही। उन्होंने यह भी बताया कि कोयला मंत्रालय इस क्षेत्र में %आत्मनिर्भरता% की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सरकार के प्रयासों से आयातित कोयले पर निर्भरता कम हुई है। अप्रैल से नवंबर 2024 के बीच कोयला आयात में 5.35 प्रतिशत की कमी आई, जिससे लगभग 3.91 अरब डॉलर (30,007.26 करोड़ रुपये) की बचत हुई। खासकर, घरेलू बिजली संयंत्रों में उपयोग होने वाले कोयले का आयात 23.56 प्रतिशत घटा है। मंत्रालय की 'मिशन कोकिंग कोल' योजना का लक्ष्य 2029-30 तक देश में कोकिंग कोल का उत्पादन बढ़ाकर 140 मिलियन टन (एमटी) करना है, जिससे इस्पात क्षेत्र में आयात पर निर्भरता कम हो सके। भारत का कोयला उत्पादन वित्त वर्ष 2023-24 में 997.82 मिलियन टन तक पहुंच गया, जो 2014-15 में 609.18 मिलियन टन था। पिछले दस वर्षों में इस क्षेत्र की औसत वार्षिक वृद्धि दर 5.64 प्रतिशत रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में उत्पादन में पिछले साल की तुलना में 11.71 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## नवनीत एजुकेशन लिमिटेड ने पेश किया 'नवनीत एआय'

### शिक्षकों के शिक्षण अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में पहल

**रायपुर:** शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी नवनीत एजुकेशन लिमिटेड ने 'नवनीत एआय' (NavneetAI) लॉन्च करने की घोषणा की है। यह नवाचार शिक्षकों को ज्ञान और संसाधनों तक आसान पहुंच प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। नवनीत के व्यापक शैक्षणिक सामग्री संग्रह का लाभ उठाते हुए, 'नवनीत एआय' के उपकरण शिक्षकों को पाठ अधिक प्रभावी ढंग से पढ़ाने में मदद करेंगे। यह प्लेटफॉर्म इंटरएक्टिव और उपयोग में सरल है, जिससे शिक्षक क्विज़, होमवर्क, पीपीटी, फ्लैशकार्ड, सारांश और अन्य शैक्षणिक सामग्री आसानी से तैयार कर सकेंगे। कई दशकों से भारतभर में शिक्षक और छात्र नवनीत की पढ़ाई से जुड़ी किताबों और संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं। नवनीत डाइजेस्ट, वर्कबुक, नवनीत 21 मोस्ट लाइकली क्वेश्चन सेट्स, प्री-प्राइमरी और बच्चों के लिए प्रकाशित किताबों ने सीखने को आसान बनाया है। अब 'नवनीत एआय' के जरिए 50,000 से ज्यादा संसाधनों को एक नए रूप में पेश किया जा रहा है, जिससे पढ़ाई का अनुभव और दिलचस्प और असरदार बनेगा। यह नया प्लेटफॉर्म शिक्षकों को ऐसे डिजिटल टूल्स उपलब्ध कराएगा, जो पढ़ाने के तरीके को और सरल और प्रभावी बनाएंगे। नवनीत एजुकेशन का लक्ष्य पारंपरिक शैक्षणिक संसाधनों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर शिक्षण को और बेहतर बनाना है। नवनीत एआय के जरिए हमारा लक्ष्य शिक्षकों के लिए पढ़ाई से जुड़ी सामग्री को अधिक सुलभ और उनकी जरूरतों के अनुसार लचीला बनाना है, नवनीत एजुकेशन लिमिटेड के ब्रांडिंग, मार्केटिंग और सेल्स डायरेक्टर देविश गाला ने कहा। डिजिटल तकनीक को विश्वसनीय शैक्षणिक सामग्री से जोड़कर, हम शिक्षकों को नई पीढ़ी को प्रेरित करने के उनके प्रयासों में सहयोग दे रहे हैं। नवनीत एआय हमारे इस संकल्प का प्रतीक है कि हम तकनीकी प्रगति के साथ आगे बढ़ते रहें और बदलते शैक्षणिक माहौल की आवश्यकताओं को पूरा करें। नवनीत एजुकेशन लिमिटेड के टॉपटेक के सीईओ हर्षिल गाला ने कहा कि नवनीत एआय के जरिए शिक्षा देने के तरीके में बड़ा बदलाव लाया जा रहा है।

## गुजरात इंजेक्ट (केरल) लिमिटेड ने तीसरी तिमाही के मजबूत नतीजों की घोषणा की, शुद्ध लाभ 4,500% बढ़ा

**वडोदरा:** बीएसई लिस्टेड, गुजरात इंजेक्ट (केरल) लिमिटेड (बीएसई: 524238) देश में कृषि उत्पादों के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध अग्रणी कंपनी है। कंपनी ने दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही में अपने शुद्ध लाभ में 4500 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। कंपनी थोक सब्जियों और फलों का व्यापार करने में माहिर है। यह सीधे किसानों से ताजा उपज प्राप्त करती है और गुणवत्ता, ताजगी और दोषरहित आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करते हुए इसे दुकानदारों तक पहुंचाती है। गुजरात इंजेक्ट (केरल) का दिसंबर-2024 तिमाही का शुद्ध लाभ 21.16 लाख रुपए था, जो गत वर्ष की हुए शुद्ध लाभ 0.46 लाख की तुलना में 45 गुना ज्यादा अधिक रहा। इसके अलावा, दिसंबर-2024 तिमाही में कंपनी की आय 315.23 लाख रुपए थी, जो गत वर्ष इसी समयावधि में 21.59 लाख दर्ज की गई थी, यह कंपनी की 1,360 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्शाता है। दिसंबर-2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए, गुजरात इंजेक्ट (केरल) की आवक 1,480.86 लाख रुपए दर्ज की गई है जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में 36.96 लाख रुपए थी। यानी यह 3,906 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। साथ ही, नौ महीने की अवधि में कंपनी का शुद्ध लाभ 94.40 लाख रुपए था, जो पिछले वर्ष इसी समयावधि में 4.48 लाख रुपए से 2,007 प्रतिशत अधिक है। गुजरात इंजेक्ट (केरल) के शेयरों की फेस वैल्यू 10 रुपए है और शुक्रवार, 7 फरवरी, 2025 को इसका समापन मूल्य 27.13 रुपए था। पिछले 52 हफ्तों में, शेयर 28 रुपए की उच्च और 8.74 रुपए का न्यूनतम स्तर देखा गया है। कंपनी का बाजार पूंजीकरण 38.04 करोड़ रुपए है। पिछले वर्षों में उल्लेखनीय गतिविधि की कमी के बाद, कंपनी ने पिछले दो वर्षों के दौरान अपने प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार दिखाया है। कंपनी का बेहतर प्रदर्शन उसके शेयर मूल्य में भी परिलक्षित होता है, जिसमें पिछले महीने 35त्न की वृद्धि हुई है। इसके अलावा ट्रेडिंग वॉल्यूम भी बढ़ गया है, जो स्टॉक में सकारात्मक गति का संकेत दे रहा है।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, मंगलवार 11 फरवरी 2025



# लोकतंत्र के इस पर्व में जनता को जुड़ने के लिए संदीप साहू ने किया जागरूक



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कांग्रेस के युवा प्रत्याशी संदीप साहू लगातार जनसंपर्क करते आए हैं वह जनता से अनुरोध कर रहे हैं कि विकास की गति को आगे बढ़ाने के लिए उनके ही तो मैं मतदान करें ज्ञात हो विगत रविवार को उनके द्वारा विशाल रहेगी निकल गई थी जिसमें बड़े उत्साह पूर्वक जनता ने हिस्सा लेकर उनका उत्साह वर्धन किया था बताते चलेगी संदीप साहू पूर्व में भी पार्षद रहे हैं और उन्हें कांग्रेस ने जारवा हीरापुर वार्ड क्रमांकित से अपना प्रत्याशी बनाया है वह लगातार विकास के कार्य अपने वार्ड में करते हैं और उसी को लेकर वह जनता के बीच में जा रहे हैं और अपनी उपलब्धियां को उनके सामने रख रहे हैं संदीप साहू उन नेताओं में से हैं जो लगातार जनता के बीच रहकर जन सेवा करते हैं और उसी को देखते हुए पार्टी ने उन्हें अपना प्रत्याशी बनाया है जनता से अनुरोध करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में का हिस्सा बने हिस्सा बने और अपने मत का पूर्ण उपयोग करें।

# भाजपा की जीत सुनिश्चित सिर्फ औपचारिकताएं बाकी फिर भी विनम्र निवेदन शत-प्रतिशत मतदान करें : पुष्पा साहू



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजधानी रायपुर खम्हारडीह के नेता जी सुभाष चंद्र बोस वार्ड क्रमांक 31 से अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षित महिला सीट से श्रीमती पुष्पा रोहित साहू ने आज अंतिम दिन घर-घर जाकर वार्ड वासियों से जनसंपर्क किया एवं जीत के लिए आशीर्वाद मांगा भारतीय जनता पार्टी के पूर्व पार्षद रोहित साहू की पत्नी पुष्पा रोहित साहू द्वारा जीत के प्रति आश्वस्त हैं क्योंकि वार्ड वासियों का मिल रहा अपार स्नेह , प्यार एवं समर्थन के लिए सभी वार्ड की ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ मतदाता बंधुओ से विनम्र अपील की आप सभी सत प्रतिशत करें मतदान अवश्य करें मतदान करना आपका अधिकार है उसका सदुपयोग करें एवं वार्ड एवं रायपुर के विकास में अपनी सहभागिता निभाएं पूर्व पार्षद रोहित साहू के द्वारा वार्ड में किए गए विभिन्न कार्यों को ध्यान में रखते हुए एवं जनता से जमीनी स्तर पर जुड़े रहने की वजह से वह वार्ड में काफी लोकप्रिय हैं वार्ड के मतदाताओं ने श्रीमती पुष्पा रोहित साहू को भरोसा दिलाया एवं कहा कि भाजपा की जीत सुनिश्चित है सिर्फ औपचारिकताएं बाकी हैं फिर भी हम सभी वार्ड वासी सत प्रतिशत मतदान करने का प्रयास करेंगे।

# भाजपा प्रत्याशी विशाल पांडे ने रैली के माध्यम से दिखाई अपनी ताकत

## वार्ड क्र.-1 के मतदाताओं से मतदान करने की अपील



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भाजपा के युवा प्रत्याशी विशाल पांडे जारवा में लगातार जनसंपर्क करते आए हैं और वह विगत कई सालों से भाजपा में कार्य कर जन सेवा में आगे रहे ज्ञात होगी विशाल पांडे मौजूदा वक्त में भाजपा के प्रत्याशी हैं जो की लगातार बड़े बुजुर्गों का चरण वंदन कर आशीर्वाद ले रहे हैं भाजपा के युवा प्रत्याशी विशाल पांडे विकास की बात कह कर जनता को उनके हित में मतदान करने की बात कह रहे हैं और 11 तारीख को अपने मत का पूर्ण उपयोग करने की सलाह दे रहे हैं मीडिया से चर्चा करते वक्त उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार प्रत्येक जनता का विकास करने में आगे रहिए और उनके द्वारा वार्ड का सर्वांगीण विकास किया जाएगा ज्ञात होगी विगत रविवार को उनके द्वारा विशाल रैली निकालकर वार्ड भ्रमण किया गया था जिसमें वार्ड वासियों का जनसलैब देखने को मिला भाजपा प्रत्यासी विशाल पांडे ने जनता से अनुरोध करते हुए कहा कि वार्ड में स्वच्छता और उद्यानों की सौंदर्य करण को वह प्राथमिकता देंगे और वार्ड में स्वच्छ वातावरण के बीच विकास की गति को तीव्र करेंगे।

# लोकतंत्र के इस पर्व में आहुति देकर वार्ड के विकास को गति प्रदान करें वार्डवासी : प्रमोद



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में से एकप्रमोद साहू को वार्ड क्रमांक 63 से भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है। रैली के माध्यम से वह जनसंपर्क कर रहे हैं और जन समर्थन मांग रहे हैं बताते हुए चले की प्रमोद साहू ने अपने वार्ड में स्वच्छता अभियान को लेकर लोगों को जागरूक करते आ रहे है। मीडिया से चर्चा करते वक्त उन्होंने बताया कि राजा तालाब का सौंदर्य कारण उनके द्वारा किया जाएगा और नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर वार्ड को नशा मुक्त बनाएंगे और विकास कर स्मार्ट वार्ड निर्मित करेंगे आगे उन्होंने कहा कि वार्ड क्रमांक 63 राजधानी रायपुर का सबसे व्यस्ततम वार्ड में से एक है जिसमें मूलभूत सुविधाएं सशक्त करने की आवश्यकता है। वार्ड क्रमांक 63 ने प्रतीक वार्ड वासियों से युद्ध स्तर पर कार्य करने और वातावरण को शुभ मंगल बनाने की बात कर रहे हैं। जनता से अनुरोध करते कहा की अपने मत का उपयोग कर उन्हें पार्षद चुने और चहुमुखी विकास के कार्य में अपनी सहभागिता निभाए।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करना जरूरी : कविता अमित दास




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नगरी निकाय चुनाव को लेकर लगातार प्रत्याशियों द्वारा कैंपेनिंग किया गया है। बता दे की कांग्रेस ने वार्ड क्रमांक 59 से महिला नेत्री कविता अमित दास को जन सेवा के लिए चुना है। ज्ञात हो की वह पूर्व में भी वार्ड का नेतृत्व उनके पति अमित दास कर चुके है। उन्होंने कहा की उनके पति के पार्षद कार्यकाल में विकास के कार्यो में ते?ी आई। वार्ड में वह जनता से रूबरू होकर उनके कार्यकाल की उप्लब्धियो को भी रखा है। आगे उन्होंने कहा कि लगातार वार्ड की जनता का आशीर्वाद उन्हें मिलने आया है और इस बार पुनः जनता उन्हें आशीर्वाद देने के लिए तैयार है ज्ञात होगी चुनाव प्रचार प्रसार का अंतिम चरण कल खत्म हो चुका है जिसके बाद अब प्रत्याशी कैंपेनिंग कर रहे हैं और जनता के बीच जाकर उनका आशीर्वाद ले रहे हैं कविता अमित दास ने जनता से अनुरोध करते हुए कहा कि महापौर के लिए दीप्ति दुबे और वार्ड के लिए कविता अमित दास को अपना आशीर्वाद दें और रायपुर सहित वार्ड के सर्वश्रेष्ठ विकास में अपना योगदान करें महिलाओं को सशक्त करने के लिए कविता अमित दास ने कहा कि सर सहायता समूह को क्रियान्वित किया जाएगा जिससे महिलाएं रोजगार से जुड़ेंगे और आगे बढ़ेंगे। अनुरोध करते हुई जनता से कहा की लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करना जरूरी इसलिए करे मतदान।

# महतारी वंदन एवं महिला सशक्तिकरण के लिए उत्साह पूर्वक करें मतदान : साधना प्रमोद साहू



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नगरी निकाय चुनाव में प्रत्याशियों ने भी अपनी ताकत झोंक दी है बताते हुए चले कि वार्ड क्रमांक 12 से भाजपा प्रत्याशी साधना प्रमोद साहू सघन जनसंपर्क कर रही है। ज्ञात हो की बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद उन्हें मिल रहा है साथ ही महिलाएं भी बड़ी उत्सुकता से उनकी रैली में शामिल हो रही है। जन सेवा में हमेशा सक्रिय रहते हैं और जन सेवा के भाव से वार्ड में चुनाव लड़ रही हैं। मीडिया से चर्चा करते वक्त उन्होंने कहा कि उनका चुनावी चिन्ह कमल है। जिसे वह जन-जन तक सूचित कर बता रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा की महलिओं को शशक्त करने के लिए वार्ड में कार्य किया जाएगा। आगे कहा की वार्ड में मौजूदा तालाबों का सौंदर्य करण किया जाएगा साथ ही मूलभूत सुविधाओं को भी सशक्त किया जाएगा जनता से अनुरोध करते हुए उन्होंने कहा कि 11 तारीख को अपने मत का उपयोग कर उन्हें पार्षद बनाए और सेवा का मौका दे।

# लोकतंत्र के पर्व पर वार्डवासी करें मतदान रायपुर के विकास में दे अपना योगदान : अंबर अग्रवाल



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नगरी निकाय चुनाव को लेकर अब प्रचार प्रसार का दिन समाप्त हो गया है इसके बाद प्रत्याशियों द्वारा रूबरू होकर अपने हित में मतदान करने की बात जनता से कह रहे हैं भाजपा प्रत्याशी अंबर अग्रवाल महंत लक्ष्मी नारायण दास वोट से प्रत्याशी हैं जो की लगातार विशाल रैली निकालकर जनसंपर्क करते आए हैं और जनता को विकास के कार्यों को लेकर आगे बढ़ाने की बात कह रहे हैं अंबर अग्रवाल लगातार भाजपा से जोड़कर कार्य करते आए हैं जिसकी वजह से पार्टी ने उन्हें तोहफे के तौर पर मंथ लक्ष्मी नारायण दास वार्ड से अपना प्रत्याशी चुनाव है ज्ञात होगी 11 तारीख को नगरी निकाय चुनाव का मतदान होना है जिसके बाद 15 तारीख को परिणाम घोषित हो जाएंगे उन्होंने अनुरोध करते हुए जनता से कहा है कि बढ़ चढ़कर मतदान करें और उन्हें पार्षद के रूप में सेवा करने का मौका दें।

# वार्ड क्र. 40 की जनता से भाजपा प्रत्याशी आशु चंद्रवंशी ने बढ़ चढ़कर मतदान करने का किया आह्वान



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नगरी निकाय चुनाव को लेकर आज मतदान होने हैं बताते चले कि विगत सप्ताह प्रत्याशियों ने पूरी ताकत जोकर वार्ड में अपने हित के लिए मतदान करने की बात जनता से कहीं ज्ञात होगी विगत दिनों वार्ड के वार्ड वासियों से आशु चंद्रवंशी जो कि भाजपा प्रत्याशी हैं उन्होंने विकास के कार्यों को लेकर उन्हें अस्वस्थ किया साथी वार्ड भ्रमण कर जन आशीर्वाद लिया विगत रविवार वार्ड क्रमांक 40 से भाजपा प्रत्याशी आशु चंद्रवंशी ने अपनी ताकत झोंक कर रैली निकाली जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और बड़े बुजुर्गों ने हिस्सा लिया ज्ञात होगी भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे ने भी भाजपा प्रत्याशी आशु चंद्रवंशी के हित में रैली निकाली थी साथी आशु चंद्रवंशी को जन आशीर्वाद देने जनता को आह्वान भी किया था आशीष चंद्रवंशी काफी विकेट सालों से भाजपा से जुड़े हुए हैं और जन सेवा करते आ रहे हैं बाढ़ में जन सेवा के लिए चर्चित आशीष चंद्रवंशी इस बार पार्षद चुनाव में खड़े हैं और जनता से जन आशीर्वाद मांग रहे हैं चर्चा करते वक्त उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल और स्वच्छ वातावरण में वार्ड क्रमांक 40 का होगा विकास आज मतदान के दिन उन्होंने जनता से अनुरोध करते हुए कहा कि बढ़-चढ़कर मतदान करें और भाजपा के प्रत्याशी आशु चंद्रवंशी को कमल छाप पर बटन दबाकर पार्षद बनाएं। वार्ड में उद्यौनों का होगा सौदर्यकरण साथ ही नलजल योजना के तहम हर घर पहुंचेगा स्वच्छ जल। नालियों निकासी से समुचित व्यवस्था वार्ड में जल भराव के लिए शिघ्र निराकरण।

# कबीर नगर वार्ड क्र. 2 की जनता 11 को बढ़-चढ़कर करें मतदान : भगतराम



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नगरी निकाय चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने अपनी ताकत झोंकती है जादू की विगत रविवार को प्रसार प्रसार का अंतिम दिन था जिसमें सभी प्रत्याशियों ने विशाल रैली निकालकर वार्ड भ्रमण किया और जनता के सामने उनके हित में मतदान करने की बात कही भाजपा प्रत्याशी भगत राम हरिवंश कबीर नगर वार्ड क्रमांक 2 से प्रत्याशी हैं वह जनसंपर्क कर कर नगर को स्मार्ट बोर्ड बनाने की बात जनता के सामने रख रहे हैं उनकी रैली में विगत रविवार को महिलाओं और बड़े बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उन्हें आशीर्वाद दिया ज्ञात हो कि अल्लाह का मन जो की सरकार में प्रतिष्ठित पद पर हैं वह भी उनके हित में जन समर्थन मांगने मैदान में उतरे थे अब वह जनता से अनुरोध कर रहे हैं कि 11 तारीख को उनके हित में मतदान कर उन्हें जन सेवा करने का अवसर दें और बाढ़ के चौमुखी विकास का अहम हिस्सा बने मीडिया से चर्चा करते वक्त उन्होंने कहा कि वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को सूचित करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी साथी प्रत्येक वार्ड वासियों को साफ पर जल मिले इसके लिए भी कार्य किया जाएगा।

# निर्दलीय प्रत्याशी जितेंद्र अग्रवाल ने जनता से मतदान कर आशीर्वाद देने का किया निवेदन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिलों में नगरी निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव कराए जा रहे हैं। जिसमे प्रमुख पार्टियों ने कमर कस ली है। राजनैतिक पार्टियों ने अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतार दिया है। बता दे की महंत लक्ष्मी नारायण वार्ड से निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी जितेंद्र अग्रवाल को जनता का भरपूर आशीर्वाद और समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा की पार्षद का पहला कार्यकाल में उन्होंने वार्ड में अभूतपूर्व विकास कराए है। यदि जनता का आशीर्वाद उन्हें पुनः मिलता है तो जनता को एक नया स्वरूप विकास का देखेगी। आगे चर्चा करते हुए कहा की प्रत्येक व्यक्ति को मूलभूत सुविधाओं से सशक्त करेंगे। विगत सोमवार को उनके द्वारा वार्ड में कार्यालय का भी उद्धघाटन वार्डवासियों के साथ किया गया। साथ ही सघन जनसंपर्क कर जनता से समर्थन मांगा। इस जनसंपर्क अभियान में कार्यकर्ताओं और समर्थकों का भारी उत्साह देखने को मिली रहा है। रैली में वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए। जनता ने भी निर्दलीय प्रत्याशी जितेंद्र अग्रवाल का जोरदार स्वागत किया और समर्थन देने का आश्वासन दिया। नगरी नगर में जनसंपर्क रैली के जगह-जगह जितेंद्र अग्रवाल का फुल मालाओं, तिलक वंदन कर स्वागत किया है।

# संजय यादव ने विशाल रैली निकाल मांगा जन समर्थन एवं आशीर्वाद



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नगर पंचायत माना कैंप में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी संजय यादव के पक्ष में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने जनता से अपील कर जन समर्थन मांगा एवं माना कैंप के समस्त पार्षदों को विजय श्री दिलाने हेतु माना कैंप नगर वासियों से आशीर्वाद देने का आह्वान किया माना कैंप में आज विशाल आमसभा को संबोधित करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र में राज्य में और अब आपके नगर में बनने जा रही है इसलिए अपने अमूल्य मत का सदुपयोग करते हुए भाजपा के पक्ष में अपना मतदान करें एवं नगर को स्वच्छ ,सुंदर व आदर्श नगर पंचायत बनाने में अपना योगदान दें।

# सुंदर नगर वासियों से अपील एक अनुभवी प्रत्याशी चुने : सरिता



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर नगर निगम के पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड क्रमांक 41 सामान्य सीट से श्रीमती सरिता आकाश दुबे ने सुंदर नगर वासियों से अपील की एक अनुभवी एवं संघर्षशील प्रत्याशी को चुने 10 दिनों की प्रचार प्रसार के बाद आज सरिता आकाश दुबे ने वोट डालने से पहले अंतिम बार जनता से अपील की साथ ही उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व पर आप सभी वार्ड वासी अपनी सहभागिता निभाएं एवं लोकतंत्र के पर्व को उत्साह पूर्वक मनाएं एवं अधिक से अधिक मतदान करें आपको बता दें की सरिता आकाश दुबे ने छत्तीसगढ़ के शीर्ष नेताओं के साथ विशाल रैली कर एवं डोर टू डोर जनसंपर्क कर लोगों से आशीर्वाद एवं समर्थन मांगा वार्ड वासियों ने सरिता आकाश दुबे को अपना प्यार , आशीर्वाद एवं जन समर्थन देने का वादा किया।

# लोकतंत्र के महापर्व में उत्साह पूर्वक मतदान करें एवं रायपुर के विकास में अपना योगदान दें



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजधानी रायपुर की शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड क्रमांक 37 से अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षित सीट से दीपक जायसवाल ने समस्त वार्ड वासियों से विनम्र अपील की सभी वार्ड वासी लोकतंत्र के महापर्व को उत्साह पूर्वक मनाएं एवं मतदान अवश्य करें साथ ही अपने पास पड़ोस वालों को प्रेरित करें एवं अधिक से अधिक मतदान करें आपको बता दें दीपक जायसवाल पूर्व पार्षद भी रह चुके हैं इन्हें वार्ड के विकास का काफी अनुभव है इस अनुभव के आधार पर इन्होंने विगत 10 दिनों से वार्ड वासियों के बीच जा जाकर अपनी उपलब्धियां को बताया एवं उन उपलब्धियां के आधार पर कल चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान

कटे होंठ व तालु का नि:शुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाऐं
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354